www.bharatsamvad.live
R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

मौसम
अधिकतम तापमान 31.c
28.c न्यूनतम तापमान

बाजार
सोना 98.935g
चांदी 100,000kg

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper bharatsamvad.live

2 विश्व समुदाय का विचित्र रवैया, पाकिस्तान की हरकतों पर हैरान क्यों नहीं अमेरिका?

बिरियागंज पुलिस चौकी की दयनीय स्थिति 04

वर्ष :08 | अंक :341 | मुंबई ,सोमवार ,02 जून 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2: 00 रुपए

## संक्षिप्त समाचार

### दलित लड़की की शादी मैरिज हॉल में होने पर हमला, 24 लोगों पर मुकदमा दर्ज

बलिया जिले के रसड़ा क्षेत्र में कथित तौर पर दलित वर्ग की एक लड़की की शादी का समारोह एक बारात घर में आयोजित करने के विरोध में वहां उपस्थित लोगों पर हमला कर दिया गया। इस घटना में दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए और इस सिलसिले में कुल 24 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस सूत्रों ने दर्ज रिपोर्ट के हवाले से रविवार को बताया कि रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के रसड़ा कस्बे के मिशन रोड निवासी राघवेन्द्र गौतम ने दर्ज मुकदमे में बताया है कि 30 मई को उनकी बहन की शादी कस्बे के एक मैरिज हॉल में हो रही थी। शिकायत के मुताबिक बारात आने के बाद रात करीब साढ़े दस बजे मल्लाह टोली के अमन साहनी, दीपक साहनी, राहुल और अखिलेश नामक लोग 15–20 अज्ञात लोगों के साथ लाठी–डंडे, रॉड और पाइप लेकर आए और गाली–गलौज करने लगे, साथ ही कहा कि दलित जाति के होकर भी मैरिज हॉल में शादी कैसे कर रहे हो। सूत्रों ने बताया कि गौतम के मुताबिक इसके बाद हमलावरों ने शादी समारोह में मौजूद लोगों पर हमला कर दिया।

### उत्तर-पूर्वी दिल्ली में सीएनजी सिलेंडर में विस्फोट, तीन बच्चों समेत चार लोग घायल

उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सुंदर नगरी इलाके में शनिवार दोपहर एक गोदाम में सीएनजी सिलेंडर में विस्फोट होने के कारण तीन नाबालिग भाइयों सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विस्फोट शाम करीब साढ़े चार बजे एक भंडारण एवं मरम्मत इकाई में हुआ, जहां मरम्मत कार्य के दौरान कथित तौर पर सिलेंडर फट गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अधिकारी ने बताया कि घायलों की पहचान तीन भाइयों साकिब (7), अब्बास (9) और राजा (3) के अलावा अरशद (22) के रूप में हुई। तीनों बच्चे अफसार नामक व्यक्ति के पुत्र हैं। उन्होंने बताया कि साकिब 90 प्रतिशत, अब्बास और राजा 85 प्रतिशत तथा अरशद 70 प्रतिशत तक झुलस गया है। अधिकारी ने बताया कि घटना के समय अरशद गोदाम के अंदर काम कर रहा था। विस्फोट की सूचना मिलने पर दमकल की दो गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। उन्होंने बताया, प्रारंभिक जांच से पता चला है कि चार मंजिला आवासीय इमारत के भूतल पर एक दुकान में सीएनजी सिलेंडर रखे जा रहे थे और उनकी मरम्मत की जा रही थी। मरम्मत कार्य के दौरान एक सिलेंडर कथित तौर पर फट गया, जिससे जोरदार विस्फोट हुआ। पुलिस ने बताया कि विस्फोट इतना जोरदार था कि गोदाम का लोहे का गेट टूट गया।

# असम से सिक्किम तक 'जल प्रलय' बाढ़ और भूस्खलन से 30 की मौत


**सिक्किम में फंसे 1500 से अधिक पर्यटक; मणिपुर में 883 घर तबाह ,आईएमडी ने दी कड़ी चेतावनी**

**चेतावनी**


**भारतीय मौसम विभाग ने अपने ताजा बुलेटिन में पश्चिमी त्रिपुरा और खोवाई के लिए रेड अलर्ट जारी किया है और बाढ़ के कारण भूस्खलन समेत कई समस्याओं को लेकर चेतावनी जारी की.**

एजेंसी

अरूणाचल प्रदेश । पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण भारत के उत्तर-पूर्वी राज्यों में बाढ़ आ गई है. बाढ़ के कारण उत्तर-पूर्वी राज्यों में सड़क परिवहन, रेल और नौका सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं. वहीं, असम, त्रिपुरा, सिक्किम और अरूणाचल प्रदेश में बाढ़ के कारण 30 लोगों की जान जा चुकी है. भारतीय मौसम विभाग ने अपने ताजा बुलेटिन में पश्चिमी त्रिपुरा और खोवाई के लिए रेड अलर्ट जारी किया है. इसके अलावा बाढ़ के कारण सड़क परिवहन, भूस्खलन, फसलों की बबार्दी और राज्यों में बिजली आपूर्ति की समस्या को लेकर चेतावनी दी है.



**केंद्रीय गृह मंत्री ने उत्तर-पूर्वी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से की बात**



**उत्तर–पूर्वी राज्यों में बाढ़ की स्थिति को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने असम, मणिपुर, सिक्किम और अरूणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्रियों से स्थिति की जानकारी ली है और इस स्थिति से निपटने के लिए हर संभव सहायता देने की पेशकश की है . असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने रविवार (1 जून, 2025) को केंद्रीय गृह मंत्री से बातचीत की जानकारी साझा की.**

त्रिपुरा में 1300 परिवारों को राहत शिविरों में किया गया शिफ्ट

त्रिपुरा में भारी बारिश और बाढ़ की स्थिति को लेकर देखते हुए कुल 1300 परिवारों को राहत शिविरों में शिफ्ट किया गया है. इसके अलावा इम्फाल में सुरक्षा बलों के जवान बारिश और बाढ़ में फंसे लोगों को

> **भारी बारिश के कारण पूर्वोत्तर राज्यों के कई हिस्से बाढ़ जैसी स्थिति का सामना कर रहे हैं। बाढ़ के कारण असम के 15 से अधिक जिलों में 78,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में राज्य भर में भारी बारिश से आई बाढ़ के कारण सड़क परिवहन, ट्रेन और नौका सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं। उन्होंने बताया कि पिछले दो दिनों में अरुणाचल प्रदेश में मूसलाधार बारिश के कारण हुए भूस्खलन में नौ लोगों की मौत हुई है।**

निकालने में जुटी है. अधिकारियों ने बताया कि लगातार बारिश से हुए भूस्खलन के कारण मुख्य सड़क अवरुद्ध हुई हैं और शनिवार को उत्तरी सिक्किम के विभिन्न हिस्सों में लगभग 1,500 पर्यटक फंस गए। सिक्किम के मंगन जिले में तीस्ता नदी में बृहस्पतिवार रात एक वाहन के गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, दो लोग घायल हो गए और आठ अन्य लोग लापता हो गए थे। मणिपुर में भारी बारिश ने कहर बरपाया है। पिछले 48 घंटों में राज्य भर में बाढ़ और भूस्खलन के कारण 3,802 लोग प्रभावित हुए हैं तथा 883 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं।

# केंद्र पाकिस्तान से सीखे! मल्लिकार्जुन खड़गे ने संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग दोहराई

> **पत्रकारों से बात करते हुए खड़गे ने कहा कि केंद्र सरकार को पाकिस्तान से सीख लेनी चाहिए। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान ने इन घटनाओं पर विचार–विमर्श करने के लिए अपनी संसद का सत्र बुलाया है, और भारत को भी इस मामले में वैसी ही गंभीरता दिखानी चाहिए।**



एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' और पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की अपनी पार्टी की मांग को एक बार फिर दोहराया है। पत्रकारों से बात करते हुए खड़गे ने कहा कि केंद्र सरकार को पाकिस्तान से सीख लेनी चाहिए। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान ने इन घटनाओं पर विचार-विमर्श करने के लिए अपनी संसद का सत्र बुलाया है, और भारत को भी इस मामले में वैसी ही गंभीरता दिखानी चाहिए। खड़गे ने इस बात पर जोर दिया कि पूरा देश सशस्त्र बलों के साथ मजबूती से खड़ा है और उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर एकजुटता का आह्वान किया। उन्होंने सभी राजनीतिक नेताओं से संयम बरतने और सैन्य कार्रवाई का राजनीतिकरण करने से बचने का आग्रह भी किया।


# कोलकाता में अमित शाह ने भरी हुंकार

**ममता पर लगाया मुस्लिम तुष्टिकरण का आरोप, मुर्शिदाबाद दंगों पर किया बड़ा दावा**

> **बनर्जी पर निशाना साधते हुए अमित शाह ने कहा, 'वोट बैंक के लिए ममता दीदी ने पतन की सीमा पार कर दी है। कुछ दिन पहले, पाक–प्रेरित आतंकियों ने हमारे निर्दोष नागरिकों को धर्म पूछकर उनके परिजनों के सामने मार दिया। इन आतंकियों को सजा देने के लिए ऑपरेशन सिंदूर किया गया। पाक के अंदर घुसकर आतंकियों के हेडक्वार्टर्स को तबाह कर दिया गया। आतंकियों की मौत पर दीदी को दर्द होता है। ममता बनर्जी ने घटिया सा राजनीतिक बयान देकर ऑपरेशन सिंदूर का विरोध किया।'**

एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में विजय संकल्प सम्मेलन में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर जमकर हमला बोला। शाह ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी मुस्लिम वोट बैंक को खुश करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर और वक्फ संशोधन अधिनियम का 'विरोध' कर रही हैं। इसके अलावा, गृह मंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि मुर्शिदाबाद में हाल ही में हुए दंगे 'राज्य प्रायोजित' थे। बनर्जी पर निशाना साधते हुए अमित शाह ने कहा, 'वोट बैंक के लिए ममता दीदी ने पतन की सीमा पार कर दी है। कुछ दिन पहले, पाक-प्रेरित आतंकियों ने हमारे निर्दोष नागरिकों को धर्म पूछकर उनके परिजनों के सामने मार दिया। इन आतंकियों को सजा देने के लिए



ऑपरेशन सिंदूर किया गया। पाक के अंदर घुसकर आतंकियों के हेडक्वार्टर्स को तबाह कर दिया गया। आतंकियों की मौत पर दीदी को दर्द होता है। ममता बनर्जी ने घटिया सा राजनीतिक बयान देकर ऑपरेशन सिंदूर का विरोध किया।'

शाह ने कहा कि आपने (ममता बनर्जी) ऑपरेशन सिंदूर का विरोध नहीं किया है, आपने इस देश की करोड़ों माताओंझबहनों के साथ खिलवाड़ किया है। मैं बंगाल की माताओंझबहनों से अपील करने आया हूं कि आने वाले चुनाव में ऑपरेशन सिंदूर का विरोध करने वालों को सिंदूर की कीमत समझा देना।

बनर्जी ने हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर राजनीतिक लाभ के लिए ऑपरेशन सिंदूर - 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले के लिए केंद्र की सैन्य प्रतिक्रिया का फायदा उठाने की कोशिश करने का आरोप लगाया था।

# 9 दिन में देश में 1300% कोरोना केस बढ़े

**48 घंटे में 21 मौतें, 3783 एक्टिव केस; बेंगलुरु में तीनों डोज ले चुके मरीज की मौत**

### महाराष्ट्र में 10 हजार से ज्यादा कोविड टेस्ट

**महाराष्ट्र सरकार ने बताया कि शनिवार को कोविड के 68 नए मामले सामने आए। वहीं मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मुंबई में जनवरी 2025 से अब तक 411 केस मिले हैं। जनवरी से अब तक राज्य में 10,324 कोविड-19 टेस्ट किए गए, जिसमें 681 कोरोना पॉजिटिव निकले थे।**

एजेंसी

देश में कोरोना वायरस के एक्टिव केसेज की संख्या 3783 पहुंच गई है। स्वास्थ्य विभाग की वेबसाइट के मुताबिक 22 मई को भारत में 257 केस थे। 9 दिन में कोरोना के मामलों में लगभग 1300% की बढ़ोतरी हुई है। केरल में सबसे ज्यादा 1400 मामले हैं। वहीं महाराष्ट्र में 485 और दिल्ली में 436 एक्टिव केस हैं। जनवरी 2025 से अब तक कोरोना से 28 मौतें हो चुकी हैं। यह जानकारी केंद्र सरकार ने जारी की है। इससे पहले 30 मई को सुबह 8 बजे तक सिर्फ 7 मौतों का आंकड़ा सामने आया था। ऐसे में बीते दो दिनों में देश के अंदर 21 लोगों की मौत दर्ज की गई। 31 मई को बेंगलुरु में 63 साल के एक व्यक्ति की मौत हो गई। उसे दोनों वैक्सीन के साथ बूस्टर डोज भी लगी थी। वहीं दिल्ली में 60 साल के बुजुर्ग की मौत हुई है। महाराष्ट्र-केरल में सबसे ज्यादा 7-7 लोगों ने जान गंवाई है। कर्नाटक सरकार ने शनिवार को पब्लिक एडवाइजरी जारी की। इसमें लोगों से भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मास्क लगाने, शारीरिक दूरी बनाए रखने और स्वच्छता का खास ध्यान रखने की अपील की। बुखार, खांसी, सीने में



दर्द या सांस लेने में दिक्कत होने पर तुरंत जांच कराने को कहा है। मिजोरम में 7 महीने बाद कोविड का पहला केस मिला मिजोरम में शुक्रवार को 2 लोगों में कोविड-19 की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राज्य में इस तरह का आखिरी मामला सामने आने के 7 महीने बाद कोविड के केस मिले।

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाओं का निरंतर विस्तार हो रहा: नड्डा

**चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में उल्लेखनीय कार्य हो रहे हैं, जिनसे ह्यनिरामय राजस्थानह्य की संकल्पना साकार होने लगी है।**

एजेंसी



केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाओं का निरंतर विस्तार हो रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में चिकित्सा सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण करना केन्द्र सरकार और स्वास्थ्य मंत्रालय की प्राथमिकताओं में शामिल है। नड्डा यहां मुख्यमंत्री निवास पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में उल्लेखनीय कार्य हो रहे हैं, जिनसे निरामय राजस्थान की संकल्पना साकार होने लगी है।

# सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएटर शर्मिष्ठा पनोली की गिरफ्तारी पर सियासी बवाल , ममता बनर्जी निशाने पर

**पवन कल्याण ने कड़ी आपत्ति जताई**

**कल्याण ने इस मुद्दे पर अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए एक वीडियो साझा किया है, जिसमें कथित तौर पर ममता बनर्जी सनातन धर्म को 'गंदा धर्म' कहती हुई दिखाई दे रही हैं। पवन कल्याण ने सवाल उठाया है कि जब सत्ताधारी दल के नेता सनातन धर्म के बारे में ऐसी टिप्पणी करते हैं, तब कोई कार्रवाई क्यों नहीं होती, जबकि एक सोशल मीडिया क्रिएटर पर तत्काल गिरफ्तारी का डंडा चलाया जाता है। उन्होंने सेक्युलरिज्म को दोतरफा रास्ता बताते हुए सभी के लिए समान न्याय की मांग की है।**

एजेंसी




पश्चिम बंगाल पुलिस ने सोशल मीडिया 'कंटेंट क्रिएटर' शर्मिष्ठा पनोली को गिरफ्तार कर लिया है, जिससे राज्य में एक नया राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। पनोली की गिरफ्तारी पर आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने कड़ी आपत्ति जताई है और सीधे तौर पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर हमला बोला है। जन कल्याण सेना के नेता पवन कल्याण ने छात्रा की गिरफ्तारी पर टिप्पणी करने के लिए एक्स का सहारा लिया। उन्होंने पूछा, 'ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, कानून की छात्रा शर्मिष्ठा ने अपनी बात रखी, उनके शब्द खेदजनक और कुछ लोगों को दुख पहुंचाने वाले थे। उन्होंने अपनी गलती स्वीकार की, वीडियो डिलीट किया और माफी मांगी।

# सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने स्वीकारा पाकिस्तान के साथ सैन्य टकराव में भारत को हुआ लड़ाकू विमानों का नुकसान

**सिंगापुर में शांगरी–ला वार्ता के दौरान एक साक्षात्कार में, जनरल चौहान ने कहा कि महत्वपूर्ण बात यह नहीं है कि जेट विमान गिराए गए, बल्कि यह है कि उन्हें क्यों गिराया गया और क्या गलतियाँ हुईं। उन्होंने पाकिस्तान के इस दावे को खारिज किया कि उसने 7–10 मई के संघर्ष के दौरान छह भारतीय जेट विमानों को मार गिराया था, इसे 'बिल्कुल गलत' बताया।**

एजेंसी



चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शनिवार को एक महत्वपूर्ण आधिकारिक बयान में पुष्टि की कि पिछले महीने पाकिस्तान के साथ हुए सैन्य टकराव के शुरूआती चरण में हुई 'सामरिक गलतियों' के कारण भारत को अपने कुछ लड़ाकू विमान गंवाने पड़े हैं। हालांकि, जनरल चौहान ने क्षतिग्रस्त या नष्ट हुए लड़ाकू विमानों की सटीक संख्या का खुलासा नहीं किया। बता दें कि यह पहला मौका है जब भारत के शीर्ष सैन्य अधिकारी ने सैन्य टकराव में लड़ाकू विमानों के नुकसान की आधिकारिक पुष्टि की है।

**बातचीत | क्वालालंपुर में बोले अभिषेक बनर्जी**

# पाकिस्तान के साथ अगली बातचीत पीओके को वापस लेने पर होनी चाहिए

एजेंसी





कुआलालंपुर। मलेशिया की यात्रा पर गए सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी ने रविवार को कहा कि पाकिस्तान के साथ अगली बातचीत केवल पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को वापस लेने पर होनी चाहिए। कुआलालंपुर में भारतीय प्रवासियों के साथ बातचीत में बनर्जी ने कहा, 'विभिन्न सरकारों के बदलने के बावजूद हम दशकों से उनके (पाकिस्तान के) साथ बातचीत कर रहे हैं। लेकिन एक चीज बरकरार है - पाकिस्तान के साथ गतिरोध।' जद (यू) के राज्यसभा सदस्य संजय कुमार झा के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल में शामिल बनर्जी ने कहा, '22 अप्रैल को जो कुछ हुआ, जिसमें 26 लोगों की सिर्फ उनके धर्म के आधार पर गोली मारकर हत्या कर दी गई... मैं चाहता हूं कि सरकार पाकिस्तान के साथ सिर्फ पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को वापस लेने के मुद्दे पर बातचीत करे। अन्यथा, ये आतंकवादी हमले जारी रहेंगे।' भारत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि पाकिस्तान के साथ कोई भी बातचीत केवल आतंकवाद और पीओके पर ही होगी। प्रवासी समुदाय के साथ बातचीत के दौरान, झा के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ रुख से अवगत कराया। सदस्यों ने प्रतिभागियों को दशकों से भारत को प्रभावित करने वाले सीमा पार आतंकवाद, विशेष रूप से पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले के बारे में जानकारी दी। कुआलालंपुर स्थित भारतीय उच्चायोग ने एक्स पर पोस्ट किया, प्रवासी समुदाय के सदस्यों को भारत के संदेश को विभिन्न समुदायों और मंचों पर साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस संवाद में भारतीय प्रवासी सदस्यों के विचार भी सुने गए, जिनमें मलेशियाई भारतीय मुस्लिम समुदाय के लोग भी शामिल थे, जिन्होंने सीमा पार आतंकवादी हमलों की स्पष्ट रूप से निंदा की। बनर्जी ने कहा कि 22 अप्रैल के हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के न्याय करने और अपराधियों को सजा दिलाने के लिए दो सप्ताह तक इंतजार किया, लेकिन कुछ नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि 14 दिन बाद, भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिये सीमा पार नौ आतंकी ठिकाने नष्ट कर दिए। बनर्जी ने पूछा, हम सभी सबूतों को सार्वजनिक रूप से पेश कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर तस्वीरें हैं कि पाकिस्तानी सेना के उच्च पदस्थ अधिकारी आतंकवादियों के अंतिम संस्कार में शामिल होते देखे गए। भारत दुनिया को इससे ज्यादा क्या सबूत दे सकता है? उन्होंने प्रवासी सदस्यों से अनुरोध किया कि जब वे भारत आएं तो कश्मीर में तीन-चार दिन बिताएं।

> **जद (यू) के राज्यसभा सदस्य संजय कुमार झा के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल में शामिल बनर्जी ने कहा, '22 अप्रैल को जो कुछ हुआ, जिसमें 26 लोगों की सिर्फ उनके धर्म के आधार पर गोली मारकर हत्या कर दी गई... मैं चाहता हूं कि सरकार पाकिस्तान के साथ सिर्फ पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को वापस लेने के मुद्दे पर बातचीत करे। अन्यथा, ये आतंकवादी हमले जारी रहेंगे।'**

# गरीबों के लिए काम करती है आंध्र प्रदेश सरकार: मुख्यमंत्री नायडू



**मुख्यमंत्री ने जल्द ही तीन किस्तों में अन्नदाता सुखीभव (किसानों को प्रति वर्ष 20,000 रुपये की वित्तीय सहायता) लागू करने का भी वादा किया। इसी तरह, उन्होंने 15 अगस्त से महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा लागू करने का भी आश्वासन दिया।**

एजेंसी

नयी दिल्ली। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने शनिवार को कहा कि तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार गरीबों के लिए काम करती है और उनके लिए सभी कार्यक्रमों को क्रियान्वित करती है, ताकि उन्हें कोई परेशानी न हो। जिले के चेयेरू में एक ग्राम सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में 64 लाख से अधिक लोगों को हर महीने की पहली तारीख को कर्मचारियों की तरह ही पेंशन मिलती है। नायडू ने कहा, यह सरकार गरीबों के लिए काम करती है। हम गरीबों को किसी भी तरह की परेशानी से बचाने के लिए सभी कार्यक्रम चला रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पेंशन वितरित करने के मामले में राजग सरकार इतिहास में एक अनोखी सरकार है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अब तक कल्याणकारी पेंशन पर 34,000 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र और तेलंगाना जैसे अमीर राज्यों की तुलना में आंध्र प्रदेश संख्या और धन की दृष्टि से अधिक कल्याणकारी पेंशन देता है।

## सम्पादकीय

# सीडीएस चौहान ने खोली पाकिस्तान के दावों की पोल

सिंगापुर में रक्षा सम्मेलन में सीडीएस अनिल चौहान ने आपरेशन सिंदूर पर कहा कि पाकिस्तान के दावे गलत हैं। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति के परमाणु युद्ध वाले दावे को भी गलत बताया। आपरेशन सिंदूर में तय लक्ष्य हासिल हुए जिसके प्रमाण बहावलपुर मुरीदके मुजफ्फराबाद में ध्वस्त आतंकी ठिकाने हैं। भारतीय सेना ने पाकिस्तानी वायु सेना को भी पंगु बना दिया था।सिंगापुर में रक्षा-सुरक्षा, युद्ध नीति आदि पर आयोजित एक सम्मेलन में आपरेशन सिंदूर पर चीफ आफ डिफेंस स्टाफ अनिल चौहान ने जो कुछ कहा, उससे फिर से यही स्पष्ट हुआ कि इस अकल्पनीय सैन्य कार्रवाई के दौरान भारतीय सेना को हुई क्षति को लेकर पाकिस्तान जो दावे कर रहा है, वे गलत और यथार्थ से परे हैं। यह अच्छा हुआ कि सीडीएस चौहान ने अमेरिकी राष्ट्रपति के इस दावे की भी पोल खोली कि भारत और पाकिस्तान परमाणु युद्ध के निकट थे। जहां तक क्षति की बात है तो वह तो हर बड़ी लड़ाई का हिस्सा होती है। महत्वपूर्ण क्षति नहीं, बल्कि यह होता है कि जो लक्ष्य तय किए गए, उनका सही तरह संधान हुआ या नहीं? आपरेशन सिंदूर ने जो लक्ष्य तय किए थे, वे हासिल हुए, इसकी गवाही बहावलपुर, मुरीदके, मुजफ्फराबाद आदि में ध्वस्त हुए नौ आतंकी ठिकाने दे रहे हैं। इनके फोटो और वीडियो भी उपलब्ध हैं। इसी तरह इन आतंकी अड्डों के बाद पाकिस्तान के बुरी तरह तबाह किए गए प्रमुख एयरबेस भी यही सच बयान कर रहे हैं कि भारतीय सेना ने उसकी वायु सेना को पंगु कर दिया था। इन एयरबेस के तो सेटेलाइट इमेज भी उपलब्ध हैं।सीडीएस की यह स्वीकारोक्ति कोई नई बात नहीं कि भारत के कुछ लड़ाकू विमानों को क्षति उठानी पड़ी, क्योंकि इसे आपरेशन सिंदूर के समय उसे संचालित करने वाले शीर्ष सैन्य अफसरों ने भी यह कहकर रेखांकित कर दिया था कि ऐसे संघर्ष में कुछ नुकसान तो उठाना ही पड़ता है। न उन्होंने बताया था कि कितने लड़ाकू विमानों को क्षति पहुंची और न ही सीडीएस अनिल चौहान ने। आखिर ऐसे में पाकिस्तान की तरह कुछ अंतरराष्ट्रीय मीडिया समूहों की ओर से यह अनर्गल प्रचार करने का क्या अर्थ कि भारत के सीडीएस ने पहली बार माना कि उसके विमानों को क्षति उठानी पड़ी? जहां तक सैन्य कार्रवाई के दौरान रणनीति बदलने की बात है तो हालात देखते हुए ऐसा करने को ही सैन्य कौशल कहते हैं। जिसे रणनीतिक कमी कहा जा रहा है, उसे सैन्य भाषा में अपने लक्ष्य को हासिल करने के उपाय करना कहते हैं।इन्हीं उपायों के चलते भारतीय सेना आतंकी अड्डों को नष्ट करने के बाद पाकिस्तानी सेना को पस्त करने में सक्षम रही। यही तो उसका ध्येय था। इस पर हैरानी नहीं कि पाकिस्तान सीडीएस चौहान के कथन की मनमानी व्याख्या कर रहा और चीन के अतिरिक्त पश्चिमी मीडिया का एक हिस्सा भी अपने एजेंडे के तहत उसके सुर में सुर मिला रहा है।

## आज का विचार







**मेष राशि :** आपके पक्ष में रहने वाला है. आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा. व्यापार में अचानक धन लाभ के अवसर प्राप्त हो सकते हैं. किसी से उधार के लेन-देन से बचें. कुछ दिनों से चल रहे पारिवारिक मनमुटाव का माहौल जीवन- साथी की मदद से अच्छा हो जाएगा

**वृष राशि:** परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा. परिवार के साथ अधिक समय व्यतीत करेंगे. घर के कार्यों में सभी सदस्यों का साथ मिलेगा. घूमने फिरने की योजना बना सकते हैं, जिससे पारिवारिक माहौल खुशहाल बना रहेगा. कोई मित्र मिलने घर आ सकता है, उससे निजी समस्याओं को शेयर करने से मन का बोझ हल्का होगा. नौकरीपेशा हैं, तो अनुकूल स्थान पर ट्रांसफर हो सकता है.

**मिथुन राशि:** सकारात्मक विचारों से दिन का प्रारंभ करें. आपके लिए आज का दिन अच्छा रहेगा. ऑफिस के कार्यों संबंधित यात्रा हो सकती है. यात्रा के दौरान किसी प्रभावशाली व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है जिससे आप प्रभावित होकर जीवन शैली में बदलाव लाने पर विचार करेंगे. यदि आप गाड़ी खरीदने की सोच रहे हैं तो अभी के लिए टाल दीजिए.

**कर्क राशि:** आपके तथा आपके परिवार के लिए खुशियां लाने वाला दिन है. पारिवारिक समस्याएं आज स्वयं दूर हो जाएंगी और आप अपने जीवनसाथी के साथ आनंद का अनुभव करेंगे. अध्यात्म की ओर रूझान बढ़ेगा. किसी धार्मिक कार्यक्रम की योजना बना सकते हैं.

**सिंह राशि :** दिन सामान्य रहेगा. भाई- बहन से बिगड़े रिश्ते सुधारने पर आज आप सोच विचार करेंगे. इसके लिए जीवन साथी की मदद ले सकते हैं. सड़क पर चलते समय सतर्क रहें. विद्यार्थियों के लिए दिन अच्छा है, पढ़ाई में आ रहीं बाधाएं दूर होंगी, और पढ़ने में मन लगेगा. विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने का मन बनाएंगे.

**कन्या राशि :** आनंद से भरा रहेगा दिन, दाम्पत्य जीवन में भरपूर मधुरता बनी रहेगी, आप अपने परिवार के बीच सुखद समय व्यतीत करेंगे. हंसी- मजाक का वातावरण बना रहेगा.

**तुला राशि:** दिन खुशनुमा रहेगा. आप ऊजार्वान रहकर अपने सभी काम समय पर अच्छी तरह पूरा करेंगे. आपका आत्मविश्वास कार्यस्थल पर दिन को बेहतर बनाने में मददगार साबित होंगे. गलत राह पर ले जाने वाले लोगों से सतर्क रहे, बुद्धि और विवेक का सहारा लें और जल्दबाजी में कोई भी निर्णय ना लें.

**वृश्चिक राशि :** आज आपकी सृजनशील प्रवृत्ति कार्यस्थल पर आपको सम्मान दिलाएगी. आप अपनी बुद्धि और विवेक से किसी आर्थिक समस्या का समाधान खोज लेंगे जिससे आपकी कंपनी को दोगुना लाभ होगा.

**धनु राशि:** आज आपको तरक्की के कुछ नये साधन मिलेंगे। कुछ अच्छे लोगों से आपकी मुलाकात दिन को और बेहतर बनाएगी. आपका मूड काफी अच्छा रहने वाला है. बिजनेस में तरक्की सामान्य रूप से बनी रहेगी.

**मकर राशि:** आज आप नवीन विचारों से अपने नए दिन की शुरूआत करेंगे. यात्रा के योग बन रहें हैं. परिवार के साथ किसी रमणीय स्थल पर जाने की योजना बना सकते हैं. आपका मन आज सामाजिक तथा राजनीतिक कार्यों में लगा रहेगा. आर्थिक क्षेत्र में स्थिरता बनी रहेगी.

**कुंभ राशि:** आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा. शाम तक कोई शुभ समाचार मिलने से घर में खुशियों का माहौल बन जाएगा. ऑफिस का काम आज समय से पहले पूरा हो जायेगा, जिससे आप आपने घर वालो के साथ समय व्यतीत करेंगे.

**मीन राशि :** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा. आपका झुकाव संगीत के प्रति रहेगा. आपको किसी शो में गाने का प्रस्ताव मिल सकता है, जिसकी प्रतीक्षा बहुत समय से कर रहे थे. आप बहुत प्रसन्न रहेंगे. घर में संतान के रुप में लक्ष्मी का आगमन होगा.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**

**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# विश्व समुदाय का विचित्र रवैया, पाकिस्तान की हरकतों पर हैरान क्यों नहीं अमेरिका?

> **पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के आतंकी अड्डों को निशाना बनाया और एयरबेस ध्वस्त कर दिए। पाकिस्तान की गुहार पर भारत सैन्य कार्रवाई रोकने को तैयार हुआ लेकिन शर्त रखी कि पाकिस्तानी सेना को भारतीय सेना से सीधे बात करनी होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने इसका श्रेय लेने की कोशिश की।**

पहलगाम में भीषण आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए उसके नौ प्रमुख आतंकी अड्डों को निशाना बनाने और फिर उसके कई एयरबेस ध्वस्त करने की जो कार्रवाई आपरेशन सिंदूर के तहत की, वह अत्यंत साहसिक और पाकिस्तानी सेना के छक्के छुड़ा देने वाली रही।भारतीय सेना को छह-सात मई की रात पाकिस्तान के आतंकी अड्डों को नष्ट करने के बाद उसके प्रमुख एयरबेस इसलिए नष्ट करने पड़े, क्योंकि उसने अपने यहां के आतंकी अड्डों को निशाना बनाए जाने से चिढ़कर भारत पर मिसाइल और ड्रोन दागने शुरू कर दिए थे। चूंकि भारतीय सेना की अभूतपूर्व जवाबी कार्रवाई से पाकिस्तान बुरी तरह पस्त पड़ गया, इसलिए उसने सैन्य कार्रवाई रोकने की गुहार लगाई-भारत से भी और अमेरिका से भी। भारत आपरेशन सिंदूर इस शर्त पर स्थगित करने को तैयार हुआ कि इसके बारे में पाकिस्तानी सेना को भारतीय सेना से सीधे बात करनी होगी। मजबूरी में उसने ऐसा ही किया। भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव रुक जाने पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यह श्रेय लेने में देर नहीं लगाई कि उनके हस्तक्षेप के कारण दोनों देश हमले रोकने को राजी हुए। उन्होंने इसे संघर्ष विराम की संज्ञा देते हुए कहा कि मैंने व्यापार का हवाला देकर दोनों देशों की लड़ाई रोकी। इस पर भारत ने साफ कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति से व्यापार को लेकर कोई बात नहीं हुई। ट्रंप का दावा उस समय थोथा भी साबित हो गया, जब अमेरिका



के अंतरराष्ट्रीय व्यापार न्यायालय ने उनकी इस दलील को ठुकरा दिया कि उन्होंने ट्रेड की बात करके ही भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव थामा। न्यूयार्क स्थित इस संघीय अदालत ने उनकी टैरिफ नीति को भी अवैध बता दिया। इससे सिद्ध हो गया कि ट्रंप जो कुछ कह रहे, वह सही नहीं। भारत ने यह साफ करने में भी संकोच नहीं किया कि पाकिस्तान से केवल उसके कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर की वापसी और आतंकवाद के मुद्दे पर ही कोई बात हो सकती है और वह भी तब, जब वह उन आतंकियों को उसे सौंपेगा, जिनकी सूची उसे दी जा चुकी है। भारत ट्रंप की इस बात को भी कोई महत्व देने को तैयार नहीं कि दोनों देशों को व्यापार को प्राथमिकता देनी चाहिए। भारत के कड़े रुख से पाकिस्तान में घबराहट है। पिछले दिनों पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ यह मानने को मजबूर हुए कि भारत की सेना ने उसे इतना बेबस कर दिया कि वह कोई जवाबी कार्रवाई नहीं कर सका। यह स्पष्ट है कि इसके बाद भी आपरेशन सिंदूर पर कई देशों की प्रतिक्रिया अपेक्षित नहीं रही और सबसे चकित कर देने वाली प्रतिक्रिया अमेरिकी राष्ट्रपति की रही। इससे भारत इस नतीजे पर पहुंच रहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति व्यापार और आतंकवाद को जोड़ने का विचित्र काम करने के साथ पाकिस्तान के आतंकी चेहरे को देखने के लिए तैयार नहीं। आखिर अमेरिका भारत और पाकिस्तान को एक पलड़े में कैसे रख रहा है और भी तब, जब ट्रंप पाकिस्तान के आतंकी चेहरे से परिचित रहे हैं? भारत इसकी भी अनदेखी नहीं कर सकता कि सैन्य टकराव के बीच पाकिस्तान को अमेरिकी और अन्य पश्चिमी देशों की नरमी के कारण ही आइएमएफ से कर्ज मिला। निःसंदेह पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति खराब है, पर उसे कोई मदद तब दी जानी चाहिए, जब वह उन शर्तों को पूरा करे, जो उस पर उस समय लगाई गई थीं, जब वह एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में था। यह किसी से छिपा नहीं कि उसने इस लिस्ट से बाहर आने के लिए दिखावे के लिए कुछ आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई की और जैसे ही इस लिस्ट से बाहर आया, आतंकियों को पालने और उन्हें भारत में हमले करने के लिए उकसाने लगा। पहलगाम में आतंकी हमला इसका ही नतीजा है। अमेरिका और अन्य पश्चिमी देश इससे अनजान नहीं कि पाकिस्तान विदेशी सहायता का इस्तेमाल अपनी आर्थिक बदहाली दूर करने पर नहीं, हथियार खरीदने और आतंकी ढांचे को तैयार करने में करता है। वह भारत के खिलाफ परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की धमकी भी देता रहता है। ऐसे में विश्व समुदाय और विशेष रूप से अमेरिका को तो यह सुनिश्चित करना चाहिए कि पाकिस्तान अपने आतंकी ढांचे को नष्ट करे और वहां की सरकार सेना के नियंत्रण से मुक्त हो। विश्व समुदाय और खासकर अमेरिका के लिए यह सच्चाई तो आंखें खोलने और परेशान करने वाली होनी चाहिए कि पाकिस्तानी सेना का अपनी सरकार पर नियंत्रण है, न कि सरकार का सेना पर। अमेरिका इसकी भी अनदेखी कर रहा है कि पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष आसिम मुनीर ने खुद को फील्ड मार्शल बना लिया है। अब वह और अधिक ताकतवर होकर पाकिस्तान सरकार को अपनी कठपुतली बना लेंगे। पाकिस्तान की हरकतों और उनके प्रति विश्व समुदाय के ढुलमुल रवैये के कारण ही भारत ने इस पड़ोसी देश के आतंकी चेहरे को बेनकाब करने के लिए प्रमुख देशों में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजने का निर्णय लिया। दुर्भाग्य से इस पर जो संकीर्ण और सस्ती राजनीति शुरू हुई, वह थमने का नाम नहीं ले रही है। इन प्रतिनिधिमंडलों में कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के वे नेता भी हैं, जो मोदी सरकार के कट्टर आलोचक रहे हैं। सबसे कटु आलोचक तो असदुद्दीन ओवैसी हैं। वह मोदी सरकार को हर मुद्दे पर घेरते हैं, लेकिन विदेश में वह बड़े प्रभावी ढंग से भारत का पक्ष रख रहे हैं। ऐसा ही काम अन्य विपक्षी नेता और खासकर कांग्रेस के शशि थरूर कर रहे हैं।थरूर केवल पूर्व राजनयिक और विदेश मामलों के जानकार ही नहीं, प्रभावशाली वक्ता भी हैं। इसके बाद भी कांग्रेस के कई नेताओं ने उनके खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। इनमें प्रमुख हैं राहुल गांधी के करीबी माने जाने वाले जयराम रमेश और पवन खेड़ा। वे उन पर ऐसे आरोप लगा रहे कि खुद कांग्रेस के कुछ नेता हैरान हैं। कांग्रेस का रवैया विश्व में भारत के हितों को नुकसान पहुंचाने और उस भावना का निरादर करने वाला है, जिसके तहत सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल प्रमुख देशों में गए हैं। इससे दुर्भाग्यपूर्ण और कुछ नहीं हो सकता कि देश की सबसे पुरानी पार्टी राष्ट्रीय हित के बड़े मुद्दे पर बेहद छिछली राजनीति कर रही है।

# जाति आधारित जनगणना से बदल सकती है आरक्षण नीति

(संदीप सृजन)

भारत में जाति आधारित जनगणना का मुद्दा लंबे समय से राजनीतिक और सामाजिक बहस का केंद्र रहा है। 1931 के बाद, भारत में व्यापक जाति जनगणना नहीं हुई है। 2011 की जनगणना में सामाजिक-आर्थिक और जाति सर्वेक्षण (एसईसीसी) किया गया था, लेकिन इसके आंकड़े पूरी तरह से सार्वजनिक नहीं किए गए। हाल ही में, केंद्र सरकार ने 2025 में होने वाली जनगणना में जाति आधारित गणना को शामिल करने की घोषणा की है। यह निर्णय सामाजिक न्याय और नीतिगत योजनाओं को अधिक प्रभावी बनाने के लिए लिया गया है।जाति जनगणना का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक जाति की जनसंख्या, सामाजिक-आर्थिक स्थिति, और शैक्षिक स्तर का सटीक डेटा एकत्र करना है।इससे सरकार को यह समझने में मदद मिलेगी कि कौन सी जातियां वास्तव में पिछड़ी हैं और किन्हें आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए। क्रीमी लेयर और जाति जनगणना का संयुक्त प्रभाव भारत में ओबीसी आरक्षण नीति को नया आकार दे सकता है। यह प्रक्रिया कुछ प्रभावशाली ओबीसी जातियों के लिए चुनौतियां ला सकती है, जिन्हें ओबीसी सूची से बाहर करने या क्रीमी लेयर के कारण लाभ से वंचित करने का दबाव बढ़ सकता है। दूसरी ओर, यह उन अति पिछड़ी जातियों के लिए अवसर प्रदान कर सकता है जो अभी तक आरक्षण के लाभ से वंचित रही हैं। हालांकि, इस प्रक्रिया में कई चुनौतियां हैं, जिनमें आंकड़ों की विश्वसनीयता, राजनीतिक दुरुपयोग, और सामाजिक तनाव शामिल हैं। सरकार को इन चुनौतियों का सामना करने के लिए पारदर्शी और समावेशी नीतियां अपनानी होंगी। भारत में सामाजिक और आर्थिक समानता को बढ़ावा देने के लिए आरक्षण नीति एक महत्वपूर्ण उपकरण रही है। अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षण, जो



सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े समुदायों को समर्थन प्रदान करता है, 1991 में मंडल आयोग की सिफारिशों के आधार पर लागू किया गया था। हालांकि, हाल के वर्षों में, क्रीमी लेयर की अवधारणा और जाति आधारित जनगणना जैसे मुद्दों ने ओबीसी आरक्षण नीति पर गहरा प्रभाव डाला है।क्रीमी लेयर और प्रस्तावित जाति जनगणना कई ओबीसी जातियों को प्रभावित कर सकती है, जिसमें कुछ जातियों को ओबीसी सूची से बाहर करने की संभावना है। अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) भारत सरकार द्वारा सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े समुदायों को वगीर्कृत करने के लिए उपयोग किया जाने वाला एक सामूहिक शब्द है। मंडल आयोग (1980) ने अनुमान लगाया था कि भारत की कुल आबादी का लगभग 52 प्रतिशत हिस्सा ओबीसी समुदायों का है। ओबीसी को सरकारी नौकरियों और शैक्षिक संस्थानों में 27 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया जाता है।इस वर्ग के भीतर असमानता को दूर करने के लिए 'क्रीमी लेयर' की अवधारणा शुरू की गई। क्रीमी लेयर उन ओबीसी व्यक्तियों या परिवारों को संदर्भित करता है जो आर्थिक और सामाजिक रूप से अपेक्षाकृत समृद्ध हैं और इसलिए आरक्षण के लाभ के लिए प्राथमिकता के पात्र नहीं माने जाते। 1993 में सुप्रीम कोर्ट के इंद्रा साहनी मामले में दिए गए फैसले के बाद, क्रीमी लेयर की पहचान के लिए मानदंड स्थापित किए गए। वर्तमान में, क्रीमी लेयर की आय सीमा 8 लाख रुपये प्रति वर्ष है, और इसमें उच्च सरकारी पदों पर कार्यरत व्यक्तियों के परिवार भी शामिल हैं। क्रीमी लेयर की अवधारणा का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि आरक्षण का लाभ उन लोगों तक पहुंचे जो वास्तव में सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े हैं। इस नीति ने कई ओबीसी जातियों के बीच असंतोष पैदा किया है, खासकर उन जातियों में जो आर्थिक रूप से उन्नत हो चुकी हैं। क्रीमी लेयर की आय सीमा को समय-समय पर संशोधित किया जाता है।हाल के वर्षों में, इसे 6 लाख रुपये से बढ़ाकर 8 लाख रुपये किया गया है। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि जाति जनगणना के बाद क्रीमी लेयर के मानदंडों को और सख्त किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, आय के साथ-साथ शैक्षिक योग्यता, संपत्ति, और सामाजिक स्थिति जैसे अन्य कारकों को भी शामिल किया जा सकता है। इस तरह के बदलाव उन ओबीसी जातियों को प्रभावित कर सकते हैं जो आर्थिक रूप से समृद्ध हो चुकी हैं।कुछ जातियों ने सरकारी नौकरियों में ओबीसी कोटे का बड़ा हिस्सा हासिल किया है। यदि क्रीमी लेयर के मानदंड सख्त होते हैं, तो इन जातियों के कई परिवार आरक्षण के लाभ से वंचित हो सकते हैं। कई ओबीसी जातियों को सूची से बाहर करने या क्रीमी लेयर के कारण लाभ से वंचित करने का सामाजिक और राजनीतिक प्रभाव भी हो सकता है। उत्तर भारत में, खासकर उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों में, यादव और कुर्मी जैसी जातियां राजनीतिक रूप से प्रभावशाली हैं। यदि इन जातियों को ओबीसी सूची से हटा दिया जाता है, तो यह उनके राजनीतिक प्रभाव को कम कर सकता है और क्षेत्रीय राजनीति में नए समीकरण पैदा कर सकता है। इसके अलावा, यह कदम सामाजिक तनाव को भी बढ़ा सकता है। कुछ जातियां यह तर्क दे सकती हैं कि उन्हें सामाजिक भेदभाव का सामना करना पड़ता है, भले ही वे आर्थिक रूप से समृद्ध हों। जाति जनगणना और क्रीमी लेयर नीति से संबंधित कई चुनौतियां और विवाद हैं। जाति जनगणना एक जटिल प्रक्रिया है, और इसके आंकड़ों की विश्वसनीयता पर सवाल उठ सकते हैं। 2011 के एसईसीसी में तकनीकी खामियां पाई गई थीं, जिसके कारण इसके आंकड़े उपयोगी नहीं माने गए। कुछ आलोचकों का मानना है कि जाति जनगणना का उपयोग राजनीतिक दलों द्वारा वोट बैंक को मजबूत करने के लिए किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, कुछ दल प्रभावशाली ओबीसी जातियों को लाभ पहुंचाने के लिए नीतियों में बदलाव कर सकते हैं। जाति जनगणना से समाज में जातिगत आधार पर विभाजन बढ़ सकता है। यह सामाजिक एकता को नुकसान पहुंचा सकता है और सामाजिक तनाव को बढ़ा सकता है। यदि कुछ जातियों को ओबीसी सूची से हटाया जाता है, तो यह कानूनी चुनौतियों को जन्म दे सकता है।

प्रभावित समुदाय कोर्ट में जा सकते हैं, जिससे नीतिगत बदलाव में देरी हो सकती है। जाति जनगणना और क्रीमी लेयर नीति का भविष्य कई कारकों पर निर्भर करेगा। सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि जनगणना के आंकड़े पारदर्शी और विश्वसनीय हों। साथ ही, क्रीमी लेयर के मानदंडों को इस तरह से संशोधित करना होगा कि यह सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को बढ़ावा दे। समाज को यह समझने की जरूरत है कि आरक्षण का उद्देश्य सामाजिक और आर्थिक समानता को बढ़ावा देना है।

# आत्मनिर्भरता स्वाभिमानी राष्ट्र का गौरव और आनंद

पराधीन सपने हूं सुख नाही२यह लोकोक्ति हर स्वाभिमानी आदमी और स्वतंत्रता प्रेमी व्यक्ति को याद रहती है। स्वावलंबन या आत्मनिर्भरता ही मनुष्य को स्वाधीन बनाने की प्रेरणा देती है। आत्मनिर्भरता की स्थिति में व्यक्ति अपनी इच्छाओं को अपनी सुविधा अनुसार पूरा कर सकता है, इसके लिए दूसरों की तरफ मुंह ताकने की जरूरत नहीं पड़ती है। आत्मनिर्भरता केवल मनुष्य के लिए व्यक्तिगत रूप से ही जरूरी नहीं है, बल्कि राष्ट्र के लिए भी अति आवश्यक है ।एक स्वतंत्र राष्ट्र अपनी जनता को अपनी क्षमता के अनुसार सारी सुविधाएं तथा अन्य जीवन उपयोगी साधन उपलब्ध करा सकता है। भारत स्वतंत्रता के बाद हरित क्रांति सातवें दशक के प्रारंभ के बाद ही खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर बन सका, इसके साथ ही भारत में खुशहाली की स्वाभाविक तौर पर वृद्धि हुई, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी कहा था कि २एक राष्ट्र की शक्ति उसकी आत्मनिर्भरता में है दूसरों से उधार लेकर काम चलाने में नहीं२, पाकिस्तान की स्थिति बिल्कुल ऐसी ही है वह अभी तक स्वतंत्रता के बाद से 75 वर्ष के बाद भी संपूर्ण रूप से आत्मनिर्भर नहीं हो पाया है, वह कर्जे से डूब गया है और अपने देश में खर्चा चलाने के लिए पूरी दुनिया से उधार मांगते हुए घूम रहा है। पाकिस्तान आत्मनिर्भर नहीं होने का एवं उधार की जिंदगी जीने का एक बहुत बड़ा उदाहरण है। जबकि भारत देश विज्ञान, टेक्नोलॉजी, मेडिकल साइंस, इंजीनियरिंग और कृषि सेवा, खनिज, स्पेस रिसर्च में पूर्णता आत्मनिर्भर होकर विकसित देशों के बराबर खड़ा हुआ है। यह देशवासियों और देश के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। आत्मनिर्भरता या स्वावलंबन किसी भी देश की प्रगति विकास तथा और उसके नागरिकों की जिंदगी की जिजीविषा है जिससे वह संघर्ष कर आगे बढ़ता है। इतिहास गवाह है कि किसी भी महान लेखक को महान बनने तक निरंतर मेहनत कर किताबें लिखने का का श्रम करना पड़ा एवं आत्मनिर्भरता की स्थिति में विचार कर अपने विचारों को लिपिबद्ध करना पड़ा तब जाकर वह महानता की श्रेणी को प्राप्त कर सका। इसी तरह कोई छात्र अपने जीवन में सफलता प्राप्त करना चाहता है तो उसे स्वयं परीक्षा में शामिल होना पड़ेगा एवं परीक्षा में मनोवांछित सफलता प्राप्त कर उसे स्वयं अध्ययन करना होगा। इसी प्रकार जीवन के हर क्षेत्र में भी मनुष्य को आत्मनिर्भर होकर मेहनत कर दीक्षित सफलता प्राप्त करनी पड़ेगी।

हमारा देश भारत भी आजादी के बाद से आत्मनिर्भरता की ओर अग्रेषित हुआ आज स्थिति यह है कि वह विश्व में विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में आ खड़ा हुआ है। तमाम महापुरुषों के जीवन से भी हमें आत्मनिर्भरता तथा स्वावलंबन की शिक्षा मिलती रहती है।महात्मा गांधी अपना कार्य स्वयं किया करते थे। गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी २दैव दैव आलसी२ पुकारा है, तब जाकर उनकी जिंदगी पटरी पर आई और हमें परिश्रम कर आत्म निर्भर होने की शिक्षा प्रदान की थी। दूसरों पर निर्भरता हमें दूसरों का अनुसरण करने के लिए मजबूर करती है। दूसरों पर निर्भर होने से हमें के अनुरूप ही जीवन जीने के लिए बाध्य होना पड़ता है। पराधीनता हमारा आत्मविश्वास सृजनशीलता सोचने की शक्ति को नष्ट कर देती है। गुलामी एक अभिशाप होती है, आत्मनिर्भरता की कमी हमें किंकर्तव्यविमूढ़ बना देती है। दूसरों की कृपा पर जीने वाला व्यक्ति जीवन के अक्षय आनंद से वंचित रहता है। खुद के परिश्रम श्रम से आगे बढ़ने वाला देश या व्यक्ति या समाज सदैव प्रफुल्लित आत्म विश्वासी तथा विकास की ओर सदैव अग्रसर रहता है। हमें सदैव अपने अंदर के आत्मविश्वास, छिपी हुई क्षमताओं मनोबल का सहारा लेकर आत्मनिर्भर या स्वावलंबी बनने का प्रयास हमेशा करते रहना चाहिए।

# 'तेजस्वी और तेजप्रताप के बीच वर्चस्व की लड़ाई', बीजेपी विधायक ने लालू परिवार पर बोला हमला



**राजद प्रमुख लालू यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव के हालिया पोस्ट पर भारतीय जनता पार्टी के विधायक संजय उपाध्याय ने अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि तेज प्रताप यादव और तेजस्वी यादव के बीच अपने पिता लालू यादव के बाद वर्चस्व की लड़ाई है। बीजेपी विधायक संजय उपाध्याय ने लालू परिवार पर निशाना साधा।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः राजद प्रमुख लालू यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव के हालिया पोस्ट पर भारतीय जनता पार्टी के विधायक संजय उपाध्याय ने अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि तेज प्रताप यादव और तेजस्वी यादव के बीच अपने पिता लालू यादव के बाद वर्चस्व की लड़ाई है। बीजेपी विधायक संजय उपाध्याय ने लालू परिवार पर निशाना साधा।उन्होंने कहा कि लालू यादव की पार्टी सिर्फ उनके परिवार तक सीमित है। अब लालू के बाद वर्चस्व की लड़ाई तेजस्वी और तेज प्रताप के बीच है, जो केवल परिवार का आंतरिक मामला है। इसका बिहार या देश से कोई लेना-देना नहीं है।बिहार में पीएम मोदी का खासा प्रभावउन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि परिवार में एकता बनी रहे, लेकिन सत्ता के लिए यह देखना होगा कि लालू यादव इस चुनौती से कैसे निपटते हैं। चाहे लालू परिवार एक हो जाए, एनडीए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में फिर से मजबूती से चुनाव लड़ेगी।बिहार में पीएम मोदी का खासा प्रभाव है।

# नासिक कुंभ मेले की तारीखों का ऐलान, अगले साल होगी दिव्य मेले की शुरूआत

**नासिक में 2026 में होने वाले कुंभ मेले की तारीखों की घोषणा कर दी गई। साधुओं और महंतों की मौजूदगी में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। ध्वजारोहण के बाद अक्टूबर 2026 को नासिक और त्र्यंबकेश्वर में कुंभ मेले की शुरूआत होगी।**





भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

नासिकः नासिक में आयोजित होने वाले कुंभ मेले की तारीखों की घोषणा आज रविवार 1 जून को की गई। मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस बैठक के लिए नासिक जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचे थे। नासिक जिला कलेक्टर कार्यालय में सिंहस्थ कुंभ मेला को लेकर मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। कलेक्टर कार्यालय में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने साधु महंत के साथ आगामी कुंभ मेला आयोजन पर चर्चा की।इस बैठक में मुख्यमंत्री के साथ सभी 13 अखाड़ों के प्रमुख और दो-दो साधु-महंत मौजूद थे।मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में मुख्यमंत्री को कुंभ मेले की तिथियों के बारे में जानकारी दी गई है। नासिक और त्र्यंबकेश्वर दोनों ही स्थानों पर कुंभ मेले के शाही स्नान (अमृत स्नान) की तिथियां इस प्रकार हैं -

नासिक कुंभ मेला अमृत स्नान -

कुंभ पर्व की शुरूआत 31 अक्टूबर, 2026 को ध्वजारोहण के साथ होगी।

पहला अमृतस्नान - 2 अगस्त 2027

दूसरा अमृतस्नान- 31 अगस्त 2027

तीसरा अमृतस्नान - 11 सितंबर 2027

त्र्यंबकेश्वर कुंभ मेला अमृतस्नान तिथियां -

कुंभ पर्व की शुरूआत 31 अक्टूबर 2026 को ध्वजारोहण के साथ होगी।

पहला अमृतस्नान - 2 अगस्त 2027

दूसरा अमृतस्नान- 31 अगस्त 2027

तीसरा अमृतस्नान - 12 सितंबर 2027

श्री गंगा गोदावरी पंचकोठी पुरोहित संघ, नासिक

अखिल भारतीय वैष्णव अखाड़ा परिषद सिंहस्थ कुंभ मेला नासिक 2026-27-28 -

- सिंहस्थ ध्वजारोहण प्रारंभ

31 अक्टूबर 2026 दोपहर 12:02 बजे

स्थान - रामकुंड, पंचवटी

झंडा उतारना - पर्वकाल समत्पी

सोमवार, 24 जुलाई 2028, दोपहर 1:36 बजे

अन्य महत्वपूर्ण दिन

- साधुग्राम ध्वजारोहण

शनिवार, 24 जुलाई 2027 अखाड़ा ध्वजारोहण, आषाढ़, क्र. पंचमी

फास्ट ट्रैक

# दोपहर को फिजिकल रिलेशन बनाने से पत्नी ने किया इनकार तो गुस्साए पति ने लगा दी आग

**मुंबई के आरसीएफ इलाके में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी द्वारा संबंध बनाने से इनकार करने पर उसे आग के हवाले कर दिया। आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, और महिला गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती है। पुलिस ने महिला के बयान दर्ज कर लिए हैं।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई : मुंबई के चेंबूर से सटे आरसीएफ इलाके में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। शुक्रवार को एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी के साथ जबरदस्ती संबंध बनाने की कोशिश की, लेकिन पत्नी द्वारा इनकार करने पर उसने उसे आग के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी पति को अरेस्ट कर लिया है, जबकि महिला को गंभीर हालत में सायन के लोकमान्य तिलक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।आरसीएफ पुलिस के अनुसार, महिला करीब 33% जल गई हैं। आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है। 46 वर्षीय आरोपी वाशी नाका इलाके में रहता है, जबकि उसकी पत्नी घरेलू सहायिका का काम करती है।अवैध संबंध का था शकपुलिस का कहना है कि आरोपी को शक था कि उसकी पत्नी के किसी अन्य व्यक्ति से अवैध संबंध हैं, इसी शक को लेकर दोनों के बीच अक्सर झगड़े होते थे। घटना वाले दिन, दोपहर के समय पत्नी द्वारा संबंध बनाए जाने से इनकार करने पर आरोपी गुस्से में आ गया और दोनों के बीच बहस शुरू हो गई।बहस के दौरान आरोपी ने पत्नी पर अवैध संबंधों का आरोप लगाया और उसे आत्महत्या करने के लिए उकसाया। इस पर महिला ने गुस्से में खुद पर मिट्टी का तेल डालकर खुदकुशी की कोशिश की, लेकिन माचिस नहीं जली। इसी दौरान आरोपी ने घर में गैस स्टोव पर कागज जलाया और जलता हुआ कागज महिला पर फेंक दिया।पीड़िता के बयान के आधार पर होगी आगे की कार्रवाईपड़ोसियों ने महिला की चीख-पुकार सुनकर तुरंत मदद की और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची आरसीएफ पुलिस ने गंभीर रूप से झुलसी महिला को अस्पताल में भर्ती कराया और आरोपी पति को हिरासत में ले लिया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और पीड़िता के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मुंबई नॉर्थ वेस्ट से लेकर नागपुर तक उत्तर भारतीय डिस्ट्रिक हेड

**बीजेपी ने मुंबई समेत 22 जिलों के जिला अध्यक्षों के नामों की घोषणा की है। इससे पहले 58 जिला अध्यक्षों के नाम घोषित किए गए थे। मुंबई मनपा चुनाव को देखते हुए ज्ञानमूर्ति शर्मा को उत्तर पश्चिम मुंबई का जिला अध्यक्ष बनाया गया है। रविंद्र चव्हाण को महाराष्ट्र बीजेपी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई : बीजेपी ने शनिवार को मुंबई सहित महाराष्ट्र के 22 जिलों के जिला अध्यक्षों के नाम की घोषणा की। इससे पहले 58 जिला अध्यक्षों के नाम की घोषणा पार्टी ने की थी। महाराष्ट्र व मुंबई के सभी जिला अध्यक्षों की घोषणा बीजेपी ने कर दी है। अब माना जा रहा है कि पार्टी जल्द ही महाराष्ट्र और मुंबई बीजेपी के नए अध्यक्ष के नाम का ऐलान कर सकती है। मुंबई मनपा चुनाव को देखते हुए बीजेपी ने उत्तर पश्चिम मुंबई से पूर्व नगरसेवक ज्ञानमूर्ति शर्मा को जिला अध्यक्ष बनाया है।पेशे से वकील शर्मा 2007 से 2017 तक मुंबई मनपा में नगरसेवक थे। उनकी पत्नी भी नगरसेवक थीं। शर्मा बीएमसी लॉ कमेटी के अध्यक्ष भी थे। पी-उत्तर वॉर्ड के दो बार प्रभाग समिति अध्यक्ष चुने गए। शर्मा ने पार्टी में वॉर्ड अध्यक्ष के रूप में काम किया है।पालघर के बीजेपी जिलाध्यक्ष भरत राजपूतउत्तर पश्चिम के अलावा पार्टी ने दक्षिण मध्य मुंबई से नीरज उभारे और दक्षिण मुंबई से शलाका सालवी को अध्यक्ष बनाया है। इसके अलावा पालघर से भरत राजपूत और वसई विरार से प्रज्ञा पाटील को जिला अध्यक्ष बनाने का ऐलान किया है। महाराष्ट्र बीजेपी का कार्यकारी अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री रविंद्र चव्हाण को पार्टी ने बनाया है। माना जा रहा है कि वर्तमान अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले की जगह चव्हाण लेंगे।उत्तर भारतीयों ने किया स्वागतओबीसी समाज के शर्मा को जिला अध्यक्ष बनाने का उत्तर भारतीय समाज ने स्वागत किया है।

# बलपूर्वक लाउडस्पीकर उतार रही पुलिस, कोर्ट के आदेश से हो कार्रवाई, नहीं तो... अबु आजमी

**महाराष्ट्र समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अबु आजमी ने राज्य में भाजपा नेता किरिट सोमैया की शिकायत पर पुलिस अधिकारियों द्वारा मस्जिदों के लाउडस्पीकर उतारे जाने पर कड़ा ऐतराज जताया है। अबु आजमी ने शनिवार को यहां एक प्रेस वार्ता में कहा कि हम कानून और संविधान को मानते हैं लेकिन हमारे साथ लगातार गलत हो रहा है।**



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः महाराष्ट्र समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अबु आजमी ने राज्य में भाजपा नेता किरिट सोमैया की शिकायत पर पुलिस अधिकारियों द्वारा मस्जिदों के लाउडस्पीकर उतारे जाने पर कड़ा ऐतराज जताया है। अबु आजमी ने कहा कि पुलिस अधिकारी मस्जिद से लाउडस्पीकर उतारने के लिए कोर्ट द्वारा दिए गए आदेश की प्रक्रिया का पालन नहीं कर रहे हैं।

## बलपूर्वक लाउडस्पीकर उतार रही पुलिस

अबु आजमी ने शनिवार को यहां एक प्रेस वार्ता में कहा कि हम कानून और संविधान को मानते हैं लेकिन हमारे साथ लगातार गलत हो रहा है। राजनीतिक लाभ के लिए कुछ लोग मस्जिदों से लाउडस्पीकर उतारने की शिकायत पुलिस में दे रहे हैं। पुलिस यह जानने की कोशिश नहीं कर रही कि क्षेत्र के लोगों को दिक्कत है या नहीं और बलपूर्वक लाउडस्पीकर उतार रही है। यह गलत है। इससे कानून-व्यवस्था खराब होगी। उन्होंने कहा कि कोर्ट ने लाउडस्पीकर हटाने की जिस प्रक्रिया को निर्देशित किया है, उसका पालन किया जाना चाहिए। सबसे पहले आप चेतावनी दीजिए, फिर बात कीजिए। इसके बाद नोटिस भेजिए और फिर भी समस्या रहती है तो आसपास के लोगों के माध्यम से लाउडस्पीकर को हटाया जाना चाहिए।

## मुसलमानों को कमजोर न समझा जाए

सपा नेता ने कहा कि इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री से मिलूंगा, अगर हमारी मांग नहीं मानी जाती है तो हम इस कार्रवाई के खिलाफ कोर्ट जाएंगे और बड़ा आंदोलन करेंगे। मुसलमानों को कमजोर न समझा जाए। कानून के दायरे में रहते हुए हम विरोध करेंगे। अबु आजमी ने कहा कि 2014 के बाद आई सरकार हिंदू और मुसलमानों को लड़वाकर सत्ता में बने रहना चाहती है, बेशक देश बर्बाद हो जाए। हमने कभी कांवरियों या गणपति पूजा को लेकर कोई विरोध नहीं किया, लेकिन हमारे मस्जिद के सामने नमाज पढ़ने से दिक्कत है। यह एक कौम के साथ ज्यादती है।

## हिंदू और मुसलमानों के बीच तनाव पैदा करने की कोशिश

आजमी ने कहा कि बीजेपी नेता किरिट सोमैया जानबूझकर ऐसे मुद्दे उछाल रहे हैं जिससे हिंदू और मुसलमानों के बीच तनाव पैदा हो। उन्हें टिकट चाहिए, इसलिए वह ऐसा कर रहे हैं, लेकिन उन्हें टिकट नहीं मिलेगा। आईआरसीटीसी के चेन्नई वंदे भारत एक्सप्रेस के मेनू से नॉनवेज हटाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि भगवान ने जो दांत खाने के लिए दिए हैं

# महाराष्ट्र के विशालगढ़ किले में बुलडोजर लेकर पहुंची वन विभाग की टीम, हटाए 11 अवैध निर्माण, 7 मकान भी शामिल

- विशालगढ़ किले से 11 अवैध निर्माण हटाए गए
- 158 अवैध निमार्णों की पहचान, 59 अभी बाकी
- जून में धार्मिक कार्यक्रम के चलते फिर पाबंदियां लगेंगी





भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

कोल्हापुरः महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले के पन्हाला तहसील में स्थित ऐतिहासिक विशालगढ़ किले से शनिवार को वन विभाग और राजस्व विभाग ने संयुक्त अभियान चलाकर 11 अवैध निमार्णों को हटाया। इनमें 7 मकान और 4 दुकानें शामिल थीं। यह कार्रवाई भारी पुलिस सुरक्षा के बीच की गई। पिछले साल जुलाई महीने में इस किले पर अतिक्रमण को लेकर दो गुटों में हिंसक झड़प हुई थी। इसके बाद प्रशासन ने यहां लोगों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया था। हालांकि, पिछले दो महीनों में ये प्रतिबंध कुछ हद तक हटाए गए थे।158 अवैध निर्माण चिह्नितप्रशासन ने विशालगढ़ किले पर कुल 158 अवैध निर्माण चिन्हित किए हैं। इनमें से पिछले साल 94 निमार्णों को हटाया गया था, और हाल ही में 5 निर्माण खुद निवासियों ने हटा लिए। अब तक कुल 11 निर्माण इस अभियान में हटाए गए हैं, जबकि 59 अतिक्रमण अभी भी बाकी हैं। इन निमार्णों के रहवासी पहले ही बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दायर कर चुके थे। लेकिन जिन 11 निमार्णों को हटाया गया, उन पर कोर्ट से कोई रोक नहीं थी।31 मई तक हटाने था आदेशपन्हाला के उपविभागीय अधिकारी समीर शिंगटे ने बताया कि राज्य सरकार के आदेश के अनुसार, 31 मई तक किले से सभी अतिक्रमण हटाने थे। बीते कुछ हफ्तों में बारिश के कारण अभियान रोका गया था, लेकिन मौसम साफ होते ही हमने कार्रवाई शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन का सहयोग किया। इस अभियान में वन विभाग और राजस्व विभाग के करीब 80 कर्मचारी और 100 पुलिसकर्मी, यानी कुल 250 लोग शामिल थे।जून में धार्मिक कार्यक्रम, फिर लगेंगी पाबंदियांशिंगटे ने आगे बताया कि शुक्रवार को ही सभी निवासियों को नोटिस देकर सूचित किया गया था कि शनिवार को कार्रवाई की जाएगी। अब जून में एक बड़ा धार्मिक आयोजन होना है, जिसे देखते हुए फिर से पुलिस और प्रशासन के साथ मिलकर कुछ पाबंदियां लगाई जाएंगी। बता दें कि हिंसा की घटनाओं को रोकने और किले की गरिमा बनाए रखने के लिए अब किले पर सिर्फ सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक ही दर्शकों को जाने की अनुमति है। इसके बाद किसी को भी किले पर रुकने नहीं दिया जाता। साथ ही, किले की तलहटी में एक पुलिस चौकी बनाई गई है जहां आगंतुकों की जांच की जाती है। राज्य सरकार का उद्देश्य है कि छत्रपति शिवाजी महाराज के अनुयायी बिना किसी परेशानी के इन ऐतिहासिक स्थलों का दर्शन कर सकें और किले की ऐतिहासिकता बनी रहे।

# दादर-प्रभादेवी से सीधे नरीमन पॉइंट, कोस्टल रोड अंडरपास खुला, मुंबईकरों के लिए गुड न्यूज

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः जेके कपूर चौक से शुरू होने वाले कोस्टल रोड के अंतिम चरण का काम पूरा हो गया है। कोस्टल रोड अब चार पहिया वाहनों और यात्री बसों के लिए खुल गया है। इससे मुंबईकरों का सफर अब और भी आसान हो जाएगा। प्रिंसेस स्ट्रीट फ्लाईओवर से बांद्रा वर्ली सी लिंक के वर्ली छोर तक 10.58 किलोमीटर लंबी कोस्टल रोड बनाई गई है। इससे प्रभादेवी से नरीमन पॉइंट और बांद्रा वर्ली सी लिंक तक यातायात आसान हो गया है। सबवे में दोपहिया, तिपहिया और भारी वाहनों को जाने की अनुमति नहीं होगी।सुबह 7 बजे से रात 12 बजे तक खुला रहेगा रूटकोस्टल रोड का यह रूट सेंट्रल रेलवे रूट पर यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए भी फायदेमंद होगा। साथ ही दादर, प्रभादेवी से नरीमन पॉइंट तक यात्रा करने वाले यात्रियों को भी इसका बहुत फायदा होगा। कोस्टल रोड के इस सबवे के जरिए यात्री बहुत कम समय में दादर, प्रभादेवी से सीधे नरीमन पॉइंट पहुंच सकेंगे। यह रूट सुबह 7 बजे से रात 12 बजे तक खुला रहेगा।यात्रियों को अब नहीं लगाना पड़ेगा लंबा चक्करइस अंडरपास को कोस्टल रोड से जेके कपूर चौक के साथ-साथ सी लिंक (सी लिंक) से भी जोड़ा गया है। इससे खान अब्दुल गफ्फार खान रोड से सी लिंक जाने वाले रास्ते पर ट्रैफिक की भीड़ कम होगी। क्योंकि वहां सिग्नल पार करते समय यात्रियों को अक्सर ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ता है। लेकिन अब इस अंडरपास से यात्री आसानी से यात्रा कर सकेंगे। इस अंडरपास से दो रूट निकलते हैं। इनमें से एक कोस्टल रोड और दूसरा वर्ली सी लिंक जाने वाला है। इससे ट्रैफिक की बड़ी भीड़ कम होगी। साथ ही यात्रा का समय भी कम होगा। यात्रियों को अब लंबा चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा।कोस्टल रोड पहले ही खुल चुका है

# मुंबई में बढ़ी गर्मी और उमस, मॉनसून के ब्रेक ने बढ़ाई परेशानी

- **मुंबई में मॉनसून जल्दी आने के बाद बारिश थम गई है। इससे तापमान बढ़ गया है और उमस से लोग परेशान हैं। मौसम विभाग के अनुसार, 6 जून तक अच्छी बारिश की संभावना नहीं है। हालांकि, कुछ जगहों पर हल्की बारिश हो सकती है। झीलों में 47 दिन का पानी बचा है, जो पिछले साल से बेहतर है।**



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई : इस वर्ष सबसे जल्दी मॉनसून आने के बाद पर अब बारिश पर ब्रेक सा लग गया है। बारिश न होने के चलते तापमान में वृद्धि हुई है। ऊपर से उमस मुंबईकरों के पसीने छुड़वा रही है। मौसम विशेषज्ञ के अनुसार, 6 जून के पहले अच्छी बारिश की संभावना न के बराबर है, हालांकि कुछ क्षेत्र में पासिंग शावर (कुछ मिनट के लिए हल्की बारिश) मिल सकते हैं। लेकिन उमस भरी गर्मी से राहत नहीं मिलेगी।मुंबई का तापमान बढ़ामुंबई में सोमवार को मॉनसून ने समय से पहले दस्तक देकर मौसम के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया है। क्षेत्रीय मौसम विभाग के अनुसार, बीते 69 वर्षों में यह पहली बार था, जब मॉनसून इतनी जल्दी मुंबई में दाखिल हो गया, लेकिन दो दिन की बारिश के बाद अब मॉनसून ने ब्रेक ले लिया है। बीते दो दिनों से तेज धूप और उमस के चलते लोग पसीने से तरबतर हो रहे हैं। बारिश के चलते 26 और 27 मई को अधिकतम तापमान लुढ़ककर 27 डिग्री सेल्सियस तक आ गया था, लेकिन अब बीते कुछ दिनों से तापमान में काफी वृद्धि दर्ज की गई है।मुंबई में बढ़ी उमस भीक्षेत्रीय मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार को मुंबई का अधिकतम तापमान 33.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। उमस का स्तर दिन में 71% और रात में 80% तक पहुंच गया था। ऐसे उमस और अधिक तापमान के चलते लोग काफी असहज महसूस कर रहे हैं और फिलहाल मुंबईकरों को इससे किसी प्रकार की कोई राहत मिलती नजर नहीं आ रही है।मौसम का पूवार्नुमान लगाने वाली संस्था वेगरीज के संस्थापक राजेश कपाड़िया ने बताया कि मुंबई में भले ही मॉनसून ने दस्तक जल्दी दे दी है, लेकिन वह टेंपररी था। अब 6 जून के पहले अच्छी बारिश होने की संभावना बेहद कम है। आसमान में बादल छाए रहेंगे, तापमान और उमस भी अधिक रहेगी। शनिवार को कुछ हिस्सों में कुछ मिनट के लिए थोड़ी बारिश हुई।कोलाबा में 500 टट पार , बना रिकॉर्डमुंबई में इस वर्ष 31 मई तक शहर में रिकॉर्ड 503 टट बारिश दर्ज की गई है

छूट — 9 जून 2025 को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से रवाना होगी

# छत्रपति शिवाजी महाराज सर्किट आला हेरिटेज टूर पहली 100 बुकिंग पर 5% की छूट

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

IRCTC की विशेष टूर पेशकश में रायगढ़ किला, पुणे (लाल महल, कस्बा गणपति और शिवसृष्टि), शिवनेरी किला, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, प्रतापगढ़ किला और कोल्हापुर (महालक्ष्मी मंदिर और पन्हाला किला) शामिल हैं।

बहुप्रतीक्षित ट्रेन टूर छत्रपति शिवाजी महाराज सर्किट टूर 09 जून, 2025 को रवाना होने के लिए तैयार है। 05 रातों और 06 दिनों की यात्रा कार्यक्रम छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस स्टेशन से शुरू होगा।

अत्याधुनिक भारत गौरव एसी टूरिस्ट ट्रेन जिसमें स्लीपर, एसी ककक टियर और एसी-कक टियर कोच हैं, जिसमें कुल 748 पर्यटकों को समायोजित करने की क्षमता है।

पर्यटक इस टूरिस्ट ट्रेन में दादर और ठाणे रेलवे स्टेशन से भी सवार हो सकते हैं।

आईआरसीटीसी 'छत्रपति शिवाजी महाराज सर्किट' पर अपनी तरह का पहला हेरिटेज टूर संचालित करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो मराठा साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन से जुड़े प्रमुख स्थलों को कवर करेगा।

पहले दिनः छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) से कोंकण रेलवे नेटवर्क पर मानगांव रेलवे स्टेशन के लिए अपनी यात्रा शुरू करेगा, जो रायगढ़ किले के लिए निकटतम रेलवे लिंक है। पहला गंतव्य रायगढ़ है, जो उसी नाम के पहाड़ी किले के लिए जाना जाता है जहां छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक या राज्याभिषेक हुआ था और बाद में यह उनकी राजधानी थी जहां से उन्होंने शासन किया था। दर्शनीय स्थलों की यात्रा पूरी होने पर, पर्यटक वापस ट्रेन में लौट आएंगे क्योंकि यह अगले गंतव्य पुणे के लिए आगे बढ़ेगी, जहां पर्यटक रात का भोजन करेंगे और पुणे में होटल में रात बिताएंगे।



दूसरे दिनः जैसा कि नाम से पता चलता है, लाल महल एक लाल रंग का महल है जिसे छत्रपति शिवाजी के पिता शाहजी भोसले ने 1630 ई. में अपनी पत्नी जीजाबाई और बेटे के लिए बनवाया था। वर्तमान संरचना का पुनर्निर्माण 1984 में उस भूमि के एक हिस्से पर किया गया था जहाँ लाल महल खड़ा था और इसमें तेल चित्रों का एक विशाल संग्रह है जो छत्रपति शिवाजी महाराज के महत्वपूर्ण जीवन की घटनाओं को दशार्ता है। पुणे के पीठासीन देवता कस्बा गणपति का मंदिर 1893 का है और माना जाता है कि इसे छत्रपति शिवाजी महाराज की माँ जीजाबाई ने बनवाया था। तब से, शहर को गणेश के शहर के रूप में जाना जाता है। बाद में दिन में, पर्यटक शिवसृष्टि का दौरा करेंगे - छत्रपति शिवाजी महाराज की कथा को प्रदर्शित करने वाला सबसे बड़ा ऐतिहासिक थीम पार्क। पर्यटक मराठा शासक की जीवन कहानी को 3डी में देखेंगे और अन्य इंटरैक्टिव सत्रों का आनंद लेंगे। पुणे में रात्रि विश्राम के बाद

तीसरे दिन : मेहमान शिवनेरी की यात्रा करेंगे, जो पुणे शहर से 95 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। शिवनेरी किला जुन्नार शहर के ऊपर एक पहाड़ी की चोटी पर स्थित है। यह छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्म स्थान है और मुस्लिम शासन के खिलाफ मराठा गौरव और प्रतिरोध का प्रतीक है। दोपहर के भोजन के बाद, पर्यटक रात के विश्राम के लिए पुणे लौटने से पहले 12 ज्योतिर्लिंग मंदिरों में से एक भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग मंदिर का दौरा करेंगे।

चौथे दिनः पर्यटक सतारा की आगे की यात्रा के लिए ट्रेन में सवार होंगे। इस स्टेशन से कवर किया जाने वाला मुख्य स्थल प्रतापगढ़ किला है जो 1659 में छत्रपति शिवाजी महाराज और बीजापुर सल्तनत के जनरल अफजल खान के बीच हुए प्रतापगढ़ के युद्ध के कारण ऐतिहासिक महत्व रखता है। इस युद्ध ने मराठा साम्राज्य की स्थापना के लिए मंच तैयार किया था। यात्रा के बाद, पर्यटक एक उपयुक्त स्थान पर दोपहर का भोजन करेंगे और वापस ट्रेन के लिए रवाना होंगे क्योंकि यह इस दौरे के अंतिम गंतव्य कोल्हापुर के लिए आगे बढ़ेगी।

5वें दिनः ट्रेन सुबह-सुबह छत्रपति शाहू महाराज टर्मिनस कोल्हापुर रेलवे स्टेशन पर पहुंचेगी। नहाने-धोने और होटल में नाश्ता करने के बाद पर्यटक अंबाबाई के नाम से लोकप्रिय महालक्ष्मी मंदिर जाएंगे और उसके बाद पन्हाला किला देखेंगे। सह्याद्री पर्वतमाला के ऊपर स्थित यह पहाड़ी किला कई लड़ाइयों का गवाह है और छत्रपति शिवाजी महाराज से इसका गहरा संबंध है, जिन्होंने 500 से अधिक दिन वहां बिताए थे जहां उन्हें बंदी बनाकर रखा गया था और बाद में वे भाग निकले थे। पन्हाला किला - जिसे 'सांपों का किला' भी कहा जाता है क्योंकि यह आकार में टेढ़ा-मेढ़ा है। यह किला छत्रपति शिवाजी महाराज और शंभाजी महाराज के जीवन इतिहास से जुड़ा हुआ है। इस किले पर कब्जा करने की लड़ाई के दौरान छत्रपति शिवाजी महाराज के सेनापति बाजी प्रभु देशपांडे द्वारा दिखाए गए वीरता के लिए याद किया जाता है इकोनॉमी (स्लीपर क्लास) में प्रति व्यक्ति 13,155/-, कम्फर्ट (3अउ) में प्रति व्यक्ति 19,840/- और सुपीरियर (2अउ) के लिए प्रति व्यक्ति 27,365/- रुपये का पैकेज है।

पहली 100 सीधे बुकिंग पर 5% की छूट दी गई है।

सभी श्रेणियों में सर्वसमावेशी मूल्य में संबंधित वर्गों में ट्रेन यात्रा, आरामदायक होटलों में रात का ठहराव, सभी भोजन (केवल शाकाहारी), बसों में सभी स्थानांतरण और दर्शनीय स्थल, यात्रा बीमा, टूर एस्कॉर्ट की सेवाएं आदि शामिल होंगे। मेहमानों को एक सुरक्षित और यादगार अनुभव प्रदान करने के लिए IRCTC द्वारा सभी आवश्यक प्रयास किए जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए, आप IRCTC की वेबसाइटः https://www.irctctourism.com/bharatgaurav पर जा सकते हैं, और वेब पोर्टल पर पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर ऑनलाइन बुकिंग उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए, आप IRCTC से 8287931886 पर संपर्क कर सकते हैं।

# महाराष्ट्र सरकार में मंत्री नितेश राणे के लिए राहत भरी खबर, सरकारी अफसर पर मछली फेंकने के केस में हुए बरी

**महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग की एक अदालत ने 2017 के एक मामले में बीजेपी के मंत्री नितेश राणे और 30 अन्य को बरी कर दिया है। इसमें उन पर एक सरकारी अधिकारी पर मछली फेंकने के साथ-साथ उसे गाली देने और धमकाने का आरोप लगाया गया था।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग की एक अदालत ने 2017 के एक मामले में बीजेपी के मंत्री नितेश राणे और 30 अन्य को बरी कर दिया है। इसमें उन पर एक सरकारी अधिकारी पर मछली फेंकने के साथ-साथ उसे गाली देने और धमकाने का आरोप लगाया गया था। अदालत ने फैसले में कहा कि वस्त ने अपनी गवाही में यह नहीं कहा कि राणे ने उनपर मछली फेंकी।क्या था आरोप ?अभियोजन पक्ष के अनुसार, राणे और लगभग 100 अन्य लोग उस साल छह जुलाई को मत्स्य विभाग में सहायक आयुक्त प्रदीप वस्त के मालवन कार्यालय में क्षेत्र से संबंधित मुद्दों पर बात करने के लिए घुसे और उनके साथ दुर्व्यवहार किया और फिर उनपर मछली फेंकी जो उनके गाल पर लगी। राणे और अन्य ने मछली पकड़ने वाली नावों को कथित तौर पर जलाने की भी धमकी दी।

पश्चिम मध्य रेल
सिगनल एवं दूर संचार विभाग
शुद्धिपत्र
टेण्डर सं. KOTA/SNT/SIG/2025/04
दिनांकः 05.05.2025
निविदा सूचना संख्या KOTA/SNT/SIG/2025/04 की शुद्धि पत्र जो निविदा संख्या KOTA/SNT/SIG/2025/04 को दिनांक 05/05/2025 के अंतर्गत आमंत्रित किया गया था। अब प्रशासनिक कारणों से इनके खुलने की तिथि में परिवर्तन किया गया है, जो इस प्रकार हैः— **टेण्डर संख्या**— कोटा/एसएण्डटी/सिग./2025/04, **कार्य का नाम** — एनुअल मेंन्टेनेंस कान्ट्रेक्ट (एएमसी) ऑफ इलेक्ट्रानिक इन्टरलाकिंग सिस्टम ऑफ क्योसान मेक इन्सटॉल्ड ऑन कोटा डिविजन फोर 3 इयर्स। (JAPN, JAKA, ALKA, GHATOLI, NGPK, JHW)(2025) **पुरानी तारीख एवं समय**— दिनांक 02.06.2025 को 15:00 बजे तक, **परिवर्तित तारीख एवं समय**— दिनांक 09.06.2025 को 15:00 बजे तक।
(हस्ता.)
वरि.मं.सं. एवं दू.सं.इंजी(समन्वय)
पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

# अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के संजय बनसोड़े सर्वसम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे, महाराष्ट्र अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक शहादा, नंदुरबार में हुई। इस बैठक में वर्ष 2025 से 2028 के लिए नई कार्यकारिणी का चुनाव किया गया तथा लातूर के वरिष्ठ कार्यकर्ता माधव बावगे को सर्वसम्मति से अध्यक्ष तथा इस्लामपुर के संजय बनसोड़े को सर्वसम्मति से प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। इसके साथ ही 5 प्रमुख सचिव तथा 7 प्रदेश महासचिव अब आगामी तीन वर्षों में प्रभावी नेतृत्व करेंगे।पूज्य साने गुरुजी विद्या प्रसारक मंडल संस्था के वरिष्ठ महाविद्यालय, लोनखडा (शहाडा) में बैठक आयोजित की गई। इस बार बैठक में महाराष्ट्र के सभी जिलों से 460 कार्यकर्ता उपस्थित हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष पद के लिए वरिष्ठ लेखक उत्तम कांबले (नासिक), डॉ. प्रदीप पाटकर (पनवेल), डॉ. अशोक बेलखोले (किनवट ताल. नांदेड़), संतोष अंबेकर (बुलढाणा), संजय शेंडे (नागपुर), डॉ. रश्मी बोरिकर (संभाजीनगर), शामराव पाटिल (इस्लामपुर) का चयन किया गया है। जबकि डॉ. थाकसेन गोराने (नासिक), विनायक सावले (शहाडा जिला नंदुरबार), गजेंद्र सुरकर (वर्धा), रुकसाना मुल्ला (लातूर), विजय परब (मुंबई) को जिम्मेदारी सौंपी गई है।कार्यकारी समिति में महासचिव के रूप में आरती नाइक (पनवेल), सुरेश बोरसे (शिरपुर, धुले जिला), कृष्णत कोरे (कोल्हापुर), सुधाकर काशिद (सोलापुर), विलास निंबोरकर (गढ़चिरौली), शाहजी भोसले (संभाजीनगर जिला), उत्तरेश्वर बिराजदार (लातूर) शामिल हैं।शेष राज्य कार्यकारी अधिकारियों और विभिन्न विभागों के सहायकों का चयन इस प्रकार किया गयाः महिला भागीदारीः अमरावती से सहायक गायत्री आडे, मुंबई से सहायक रूपेश शोभा, युवा भागीदारीः पनवेल से सहायक प्रियंका खेडेकर, कोल्हापुर से सहायक हरि आवले, जीवनसाथी का बुद्धिमानी से चयनः कोल्हापुर से सहायक रेशमा खाडे, नागपुर से सहायक कविता माटे, जाट पंचायत मुथमति अभियानः नासिक से सहायक कृष्ण चांदगुडे, मिश्रित विवाह, सत्यशोधकी विवाहः लातूर से रंजीत आचार्य, प्रशिक्षण प्रबंधनः नंदुरबार से सहायक कीर्तिवर्धन तायडे, वर्धा से सहायक डॉ. माधुरी झाडे, वी.जे. प्रकाशन, वितरणः ठाणे से सहायक प्रा. मच्छिंद्रनाथ मुंडे, मानसिक स्वास्थ्य प्रबंधनः पनवेल से सहायक डॉ. अनिल डोंगरे, जलगांव से मनोचिकित्सक डॉ. प्रदीप जोशी, सहायक निदेशक बीड अतुल बडवे, जलगांव विश्वजीत चौधरी, विज्ञान बोध वाहिनीः सांगली जिले से सहायक निदेशक भास्कर सदाकले, लातूर से सहायक निदेशक बाबा हल्कुडे, विवेक वाहिनीः सहायक निदेशक प्रिंसिपल बीड डॉ. सविता शेटे, सहायक निदेशक परभणी डॉ. विट्ठलराव घुले, कागल जिला कोल्हापुर प्रोफेसर डॉ. संतोष जेठिथोर शामिल हैं। सांस्कृतिक अभिव्यक्तिः पालघर जिले से सहायक निदेशक अनिल शोभना वसंत, रत्नागिरी से सहायक निदेशक सचिन गोवलकर, सोशल मीडियाः धुले से सहायक निदेशक मनोज बोरसे, राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय समन्वयः नासिक से सहायक निदेशक प्रोफेसर डॉ. सुदेश घोड़ेराव, फंड प्रबंधनः शिंदखेड़ा से सहायक निदेशक प्रोफेसर परेश शाह, ठाणे से सहायक निदेशक सुधीर निंबालकर, कानूनी प्रबंधनः सहायक निदेशक सलाहकार। पुणे से मनीषा महाजन, सहायक सलाहकार। ठाणे से तृप्ति पाटिल, सलाहकार। सोलापुर से गोविंद पाटिल, नशा विरोधी जागरूकता और संघर्षः वर्धा से सहायक सारिका देहानकर, अंबाजोगाई से सहायक सुधाकर टाट, संविधान जागरूकता विभागः पुणे से सहायक अधिवक्ता परिक्रमा खोत, सर्वेक्षण और अनुसंधान विभागः नांदेड से सहायक प्राध्यापक डॉ. बालाजी कोंपलवार, सहायक प्राध्यापक डॉ. हरीश पेटकर, दस्तावेज संग्रहः कार्यवाहक निदेशक के रूप में नवी मुंबई से अशोक निकम, विविध गतिविधियों के विभागों में लातूर के कार्यवाहक निदेशक के रूप में अनिल दारकेकर, एएनआईपी संपादकीय बोर्ड में प्रधान संपादक के रूप में सांगली से डॉ. नितिन शिंदे, पुणे से कार्यकारी संपादक उत्तम जोगदंड, नांदेड से डॉ. बालू दुगडुमवार, नासिक से प्रल्हाद मिस्त्री, सांगली जिले से श्यामसुंदर मिरजकर, नासिक से राजेंद्र फेगड़े, नंदुरबार से हंसराज महाले, सांगली से अजय भालकर कार्यकारी समिति में शामिल हैं।




फास्ट ट्रैक

## व्यक्ति ने नदी में लगाई छलांग

### राहगीरों ने बचाई जान, मेडिकल कॉलेज में चल रहा इलाज

शाहजहांपुर, एक व्यक्ति द्वारा हनुमतधाम पुल से खननौत नदी में छलांग लगाने का मामला सामने आया है। थाना आरसी मिशन क्षेत्र के ख्वाजा फिरोज निवासी जासिफ शनिवार की शाम नाराज होकर घर से निकले थे। पुल पर से गुजर रहे लोगों ने जब जासिफ को कूदते देखा तो तुरंत शोर मचाया। नदी के किनारे मौजूद लोगों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उन्हें बचा लिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जासिफ को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। वर्तमान में उनकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है। परिजनों के अनुसार जासिफ पहले से बीमार चल रहे थे। हालांकि नदी में छलांग लगाने का वास्तविक कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने पुष्टि की कि व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है।



## दबंगों ने गायों पर कुत्ते छोड़े

### बचाने गए किसान को लाठी-डंडों से पीटा, जबरन पीड़ित के खेत से खोद रहे थे मिट्टी

शाहजहांपुर, एक किसान के साथ दबंगों द्वारा मारपीट का मामला सामने आया है। थाना रोजा क्षेत्र के टिकरा गांव निवासी सुखलाल ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। सिंधौली के ददियूरा गांव के नत्थू और उसका बेटा खेत में मिट्टी खोद रहे थे। इसी दौरान उन्होंने सुखलाल की पालतू गायों पर कुत्ते छोड़ दिए। सुखलाल जब अपनी गायों को बचाने खेत में पहुंचे, तो आरोपियों ने उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। आसपास के खेतों में काम कर रहे मजदूरों ने बीच-बचाव कर सुखलाल को बचाया। पीड़ित किसी तरह जान बचाकर गांव लौटा। इसके बाद आरोपी गांव में पहुंचे और सुखलाल को गालियां देते हुए जबरन खेत से मिट्टी खोदने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है। जांच जारी है।




## ई-रिक्शा ने बाइक को टक्कर मारी

### फूफा के अंतिम संस्कार से लौट रहे पति-पत्नी घायल, चालक फरार

शाहजहांपुर, 12 पत्थर चौराहे के पास एक सड़क हादसा हुआ। एक ई-रिक्शा चालक ने अचानक वाहन मोड़ दिया। इससे पीछे आ रही बाइक ई-रिक्शा से टकरा गई। हादसे में थाना परौर क्षेत्र के दहेलिया गांव निवासी ध्रुव मिश्रा और उनकी पत्नी पूजा मिश्रा घायल हो गए। दोनों को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद में भर्ती कराया गया। वहां उनका इलाज चल रहा है। ध्रुव मिश्रा अपनी पत्नी के साथ गांव बड़ावन में फूफा के अंतिम संस्कार में शामिल होने गए थे। वे वहां से वापस लौट रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। हादसे के बाद ई-रिक्शा चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस आरोपी चालक की तलाश कर रही है।

# अंबरनाथ पूर्व स्थित भाऊ साहेब परांजपे विद्यालय के 1993 बैच के दसवीं के छात्रों ने विद्यालय को आवश्यक सामग्री भेंट की

### इन पूर्व विद्यार्थियों ने विद्यालय को 12 पंखे, 20 कुर्सियां, 2 अलमारी, एक कलर स्कैनर प्रिंटर भेंट किया।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अंबरनाथ. विद्यालय और विद्यार्थियों का परस्पर संबंध बड़ा ही प्रगाढ़ होता है। शिक्षण प्रक्रिया में ये दोनों ही एक दूसरे को प्रभावित करते हैं। विद्यालय में पढ़ने वाले पूर्व विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय के विकास और उन्नति में सक्रिय सहभाग करते है तो समाज में यह एक सराहनीय उदाहरण माना जा सकता है जो अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का कार्य करता है। पूर्व छात्र जब अपने विद्यालय के विकास में आगे आकर सहयोग करते है तो यह माना जा सकता है कि उन्होंने अपने विद्यालय से शिक्षा और संस्कार दोनों ही भरपूर मात्रा में प्राप्त किए हैं। एक ऐसा ही उत्कृष्ट उदाहरण अंबरनाथ पूर्व स्थित भाऊसाहेब परांजपे विद्यालय (कानसाई स्कूल) के वर्ष 1993 के कक्षा 10 वीं बैच के पूर्व छात्रों ने प्रस्तुत किया। इन पूर्व विद्यार्थियों ने विद्यालय की प्रधानाध्यापिका नैना गुलिक से सद्भावना भेंट की और विद्यालय के लिए संयुक्त रूप से 12 पंखे, प्रिंसिपल कक्ष के लिए 20 कुर्सियाँ, पुस्तकालय के लिए 2 अलमारी, कार्यालय कार्य के लिए एक कलर स्कैनर प्रिंटर आदि सामग्री प्रदान की। इन पूर्व छात्रों में उज्ज्वला म्हस्के दुबे, रूपाली चित्रे कुलकर्णी, उमा पांडे जोगलेकर, हर्षदा वाजे जोशी, कंचन गोखले मानकामे, अर्चना गीत सिसौदिया, पुष्कर मेड, मंदार नवारे, रविराज मंडल प्रमुख हैं जिन्होंने आपस में पैसे एकत्र कर यह सामग्री विद्यालय को प्रदान की। इस अवसर पर दि एजुकेशन सोसाइटी के उपाध्यक्ष अशोक कुलकर्णी और सदस्य दीपक चव्हाण मौजूद थे। सोसाइटी के सदस्यों एवं विद्यालय परिवार ने अपने पूर्व छात्रों के इस अनूठे कार्य का हृदय से आभार व्यक्त किया। इस पहल से प्रेरित होकर यदि विभिन्न विद्यालयों के पूर्व छात्र अपने अपने स्कूलों के लिए इसी तरह आगे आकर सहयोग करेंगे तो विद्यालयों का कायाकल्प हो जाएगा।



# सदाशिव मामा पाटिल ने जन्मदिन के उपलक्ष में गुणवत्ता सूची में आने वाले 10 और 12 वीं के विद्यार्थियों को सम्मानित किया

- ये बच्चे ही उन्नतशील समाज और विकसित राष्ट्र का भविष्य हैं - सदाशिव मामा पाटिल
- उल्हासनगर के पूर्व आमदार पप्पू कालाणी सहित अनेक गणमान्यों ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित की।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अंबरनाथ. राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अंबरनाथ शहर अध्यक्ष सदाशिव मामा पाटिल का जन्मदिन रविवार 1 जून को अंबरनाथ पूर्व के हरिओम पार्क परिसर के चन्द्रसुमन हॉल में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सदाशिव मामा पाटिल ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष में महाराष्ट्र स्टेट बोर्ड ऑफ सेकंडरी एंड हायर सेकंडरी एजुकेशन बोर्ड की 10 वीं और 12 वीं की परीक्षा 2025 में गुणवत्ता सूची में आने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरुप प्रमाणपत्र और स्कूल सहायक सामग्री जैसे बैग,पेन सेट,छतरी और अन्य सामग्री प्रदान की गई। विद्यार्थियों के सम्मान समारोह में उल्हासनगर के पूर्व आमदार पप्पू कालाणी ने उपस्थिति दर्ज कर सदाशिव मामा पाटिल को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी और गुणवंत विद्यार्थियों के प्रोत्साहन कार्यक्रम की सराहना की। इस कार्यक्रम में अनेक गणमान्य लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई जिनमें प्रमुख है आनंद नगर स्थित एमआईडीसी के आमा संगठन के अध्यक्ष उमेश तायड़े, पूर्व नगरसेवक सचिन पाटिल, राकांपा की अंबरनाथ शहर महिला अध्यक्ष पूनम शेलार, अहीरा संगठन के गवर्नर अजय राव चिरीवेल्ला, इन्फेंट स्कूल की दीपा एडविन सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक, पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सदाशिव मामा पाटिल ने इस अवसर पर कहा कि विगत 11 वर्षों से 10 और 12 के विद्यार्थियों को गुणवंत सूची में आने पर उनको प्रोत्साहन स्वरुप प्रमाणपत्र और आवश्यक सामग्री का वितरण किया जाता है। इन गुणवंत बच्चों का सम्मान करने में हमें एक विशेष प्रकार की खुशी और गौरव का भान होता है। ये बच्चे ही विकसित समाज और उन्नतशील देश का भविष्य है। इनका संरक्षण और प्रोत्साहन करना हमारा फर्ज.है।



# राम सभा भावल पुर के भावी प्रधान प्रदीप कुमार मौर्य (मन्नी) तैयारी में जुटे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रतापगढ़ , मान्धाता की राजनीति में आगामी पंचायत चुनाव में भारी संख्या में युवा किस्मत आजमाने की तैयारी कर रहे जिसकी तैयारी के मद्देनजर ग्राम सभा के युवा लगातार सामाजिक कार्यों में भागीदारी कर समाजसेवा करने में जुटे हैं। कुमार मौर्य (मन्नी) वरिष्ठ समाजसेवी लल्लन सिंह परिवार के अति विश्वनीय व्यक्ति हैं और मान्धाता की राजनीति में तेजी से उभरते हुए युवा नेता एडवोकेट अरुण सिंह (राजू) खासमखास, सहयोगी और कट्टर समर्थक है। एडवोकेट अरूण सिंह (राजू) के मार्गदर्शन में प्रदीप कुमार मौर्य (मन्नी) ग्राम सभा भावल पुर की जनता के बीच लगातार बने हैं और उनके सुख-दुख में शामिल हो रहे हैं प्रदीप कुमार मौर्य (मन्नी) ग्राम सभा भावल पुर के सामाजिक, पारिवारिक और धार्मिक कार्यों में लगातार तन मन धन से सहयोग कर सहभागिता कर रहे हैं। प्रदीप कुमार मौर्य (मन्नी) गरीब जरूरतमंद के साथ साथ शिक्षा के क्षेत्र में आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चों को लगातार सहयोग कर रहे हैं। प्रदीप कुमार मौर्य (मन्नी) ग्राम सभा भावल पुर के जरुरतमंद गरीब मजदूर को राशनकार्ड उपलब्ध करवाने, वृद्धा पेंशन लगवाने का काम बहुत ही गंभीरता से कर रहे हैं। अब भारी संख्या में लोगों का राशनकार्ड बनवा चुके हैं। वृद्ध पेंशन लगवा चुके हैं, युवा समाजसेवी प्रदीप कुमार मौर्य (मन्नी) मदरा पाल बस्ती, भावल पुर पाल बस्ती और हरिजन बस्ती में स्थानीय लोगों के पीने की पानी की समस्या को देखते नये हैंड पंप और रिबोर के जरिए लोगों की समस्या का हल कर चुके हैं। प्रदीप कुमार मौर्य (मन्नी) ग्राम सभा भावल पुर की जनता के बीच अपनी निस्वार्थ भाव समाजसेवा के चलते लोकप्रिय है और युवा वर्ग के बीच इनके लोकप्रियता की चर्चा है युवाओं की एक बड़ी टीम प्रदीप कुमार मौर्य (मन्नी) के सहयोग में हमेशा साथ देखीं जाती है युवा समाजसेवी प्रदीप कुमार मौर्य (मन्नी) का कहना है कि पंचायत चुनाव से पहले भावल पुर ग्राम सभा की विभिन्न बस्ती और पुरवा में जनता की सुविधा के लिए सौ स्ट्रीट लाइट लगवाने का काम करेंगे। युवा समाजसेवी प्रदीप कुमार मौर्य (मन्नी) का कहना है कि समाजसेवा और जनता के सुख-दुख में शामिल होकर हमे बहुत खुशी मिलती है और यह सब हमें हमारे मार्गदर्शक युवा नेता एडवोकेट अरुण सिंह (राजू) के मार्गदर्शन में रहकर सीखने को मिला है। प्रदीप कुमार मौर्य (मन्नी) ने कहा कि क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी लल्लन सिंह परिवार ने भावल पुर के विकास में हमेशा से अहम रोल अदा किया है और भावल पुर वरिष्ठ समाजसेवी लल्लन सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख अजय सिंह (गुड्डन) और पूर्व प्रधान एडवोकेट अरुण सिंह (राजू) के प्रयास से बहुत विकास कार्य हुए हैं हम ग्राम सभा भावल पुर के विकास के लिए वरिष्ठ समाजसेवी लल्लन सिंह परिवार के आभारी हैं। युवा नेता एडवोकेट अरुण सिंह (राजू) ने कहा कि प्रदीप कुमार मौर्य (मन्नी) उभरते हुए युवा समाजसेवी है पढ़ाई के दौरान ही इन्होंने गांव में समाजसेवा शुरू कर गांव विकास के लिए काम करना शुरू कर दिया आज इनकी बढ़िया समाजसेवा के चलते जनता के बीच इनकी लोकप्रियता बढ़ी है और ग्राम सभा भावल पुर की जनता इन्हें पसंद कर रही है।



# बिरियागंज पुलिस चौकी की दयनीय स्थिति

- छुट्टा गोवंश और शराबी कर रहे अड्डेबाजी, लोगों का आना-जाना

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, तिलहर कोतवाली क्षेत्र की बिरियागंज पुलिस चौकी की स्थिति चिंताजनक हो गई है। कोतवाली से मात्र 300 मीटर दूर स्थित यह चौकी अब खंडहर में तब्दील हो चुकी है। चौकी की छत और दरवाजे क्षतिग्रस्त हालत में झूल रहे हैं। परिसर में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। इस खाली पड़ी चौकी को अब शराब पीने वालों ने अपना अड्डा बना लिया है। साथ ही छुट्टा गोवंश भी यहां आकर बैठने लगा है। यह स्थिति तब है जब हाल ही में डीआईजी अजय कुमार साहनी ने तिलहर कोतवाली का निरीक्षण किया था। उन्होंने व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए थे। लेकिन इस संवेदनशील क्षेत्र की चौकी की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। बिरियागंज चौकी के पास जैतीपुर, मदनापुर, जलालाबाद और कटरा जाने वाले वाहनों का प्राइवेट स्टैंड है। इस वजह से रोजाना हजारों लोग यहां से गुजरते हैं। पुलिस विभाग की लापरवाही से चौकी की यह स्थिति कानून व्यवस्था के लिए चुनौती बन सकती है।



# जलती चिता से पुलिस ने निकाले अवशेष

### बिना सूचना किया पत्नी का अंतिम संस्कार, 6 महीने पहले बिहार की महिला से हुई थी शादी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, थाना मदनापुर क्षेत्र में एक नवविवाहिता की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। मृतका का शव फंदे पर लटका मिला। पति और उसके परिजनों ने बिना पुलिस और मायके पक्ष को सूचित किए शव का अंतिम संस्कार कर दिया। चांदपुर गांव निवासी सुरेंद्र की शादी बिहार की रहने वाली महिला से 6 महीने पहले हुई थी। महिला की मौत हो गई। परिजनों ने रविवार सुबह जल्दबाजी में अंतिम संस्कार शुरू कर दिया। इस बीच सुरेंद्र की शादी कराने वाले व्यक्ति को जानकारी मिली। उसने तुरंत डायल 112 पर पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जलती चिता से मृतका के कुछ अवशेष बरामद किए। थाना प्रभारी विश्वजीत प्रताप सिंह ने बताया कि बिहार में रहने वाले मृतका के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। मायके पक्ष के लोग शाहजहांपुर के लिए रवाना हो चुके हैं। उनके आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।




# ट्रक चालक ने परिवहन अफसर को सरिए से धमकाया

### बोला- कम लोड होने के बावजूद एक लाख का चालान किया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, आरटीओ विभाग के एक अधिकारी का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक ट्रक चालक पीटीओ के पीछे लोहे का सरिया लेकर दौड़ता दिखाई दे रहा है। ट्रक चालक का आरोप है कि कम लोड होने के बावजूद उसका एक लाख रुपये का चालान किया गया। यहां तक कि अधिकारी का ड्राइवर घबराकर कार को पीछे ले जाता नजर आ रहा है। वायरल वीडियो तिलहर थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे-24 का बताया जा रहा है। इस घटना के बाद भी अभी तक अधिकारी की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। इससे पहले भी हाइवे पर तैनात अधिकारियों पर वसूली के आरोप लगते रहे हैं। पीटीओ मोहम्मद आरिफ आरटीओ विभाग में तैनात हैं। वीडियो में साफ दिख रहा है कि ट्रक चालक उनके पीछे सरिया लेकर दौड़ रहा है। बताया जा रहा है कि शहर और मुख्य चौराहों को छोड़कर हाइवे पर सुनसान स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था, जो अक्सर चर्चा का विषय रहता है। दरअसल, पीटीओ मोहम्मद आरिफ हाइवे पर ओवरलोड वाहनों की जांच कर रहे थे। मुरादाबाद से आ रहे एक ट्रक को उन्होंने रोका, जिसमें परचून का सामान भरा था। पीटीओ के अनुसार उन्होंने चालक से वजन की कांटा पर्ची मांगी थी, लेकिन चालक वह नहीं दिखा पाया। इसके बाद पीटीओ ने चालक से कहा कि वह वाहन को तौल कराए, लेकिन चालक इसके लिए भी तैयार नहीं हुआ। पीटीओ के अनुसार, जब उन्होंने चालान की प्रक्रिया शुरू की और 40 हजार रुपये के चालान की बात कही, तो ट्रक चालक आक्रोशित हो गया। उसने ट्रक से सरिया निकाला और पीटीओ की ओर दौड़ पड़ा। उस समय पीटीओ अपनी कार में बैठे थे।



# भाजपा सांसद ने पंचायत भवन का किया उद्घाटन

- बोले-डबल इंजन सरकार में योजनाओं का लाभ सीधे गरीबों तक पहुंच रहा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, सैदुपुर गांव में नवनिर्मित पंचायत भवन का भाजपा सांसद अरुण सागर ने उद्घाटन किया। खुदागंज चैयरमैन पति, ग्राम प्रधान और ग्रामीणों ने फूलमाला पहनाकर उनका स्वागत किया। सांसद ने कहा कि डबल इंजन सरकार में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों से लेकर भवन निर्माण तक सभी काम गति से चल रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान सरकार में योजनाओं का लाभ सीधे गरीबों तक पहुंच रहा है। सांसद ने पिछली सरकारों पर आरोप लगाते हुए कहा कि तब योजनाएं केवल चुनिंदा लोगों तक सीमित थीं। उन्होंने भाजपा सरकार की पारदर्शिता का जिक्र करते हुए कहा कि अब भ्रष्टाचार के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने सरकार की प्रमुख योजनाओं की जानकारी दी। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को घर मिल रहे हैं। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह में मदद कर रही है। मुख्यमंत्री समग्र ग्राम विकास योजना से गांवों में बुनियादी सुविधाएं, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार पर काम हो रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई आयुष्मान भारत योजना से करोड़ों लोगों को मुफ्त इलाज की सुविधा मिल रही है।



**भारत संवाद परिवार**

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)
4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# गाजा में खाना बांटते समय फिर गोलीबारी, 32 मौतें

## 232 लोग घायल, अस्पतालों में जगह कम पड़ी; इजराइली सेना पर आरोप

एजेंसी

गाजा, दक्षिणी गाजा में रविवार को खाना बांटने के दौरान फिर से गोलीबारी हुई जिसमें 32 फिलिस्तीनी लोगों की मौत हो गई है। गाजा के सरकारी मीडिया ऑफिस ने कहा है कि दक्षिणी गाजा के राफा शहर में रविवार को एक सहायता वितरण केंद्र के पास इजराइली सेना ने गोलीबारी की। इसमें 31 लोगों की मौत हो गई वहीं, 200 लोग घायल हुए हैं। इसके अलावा मध्य गाजा के नेत्जारिम कॉरिडोर में भी एक सहायता केंद्र पर गोलीबारी की गई। इसमें 1 फिलिस्तीनी शख्स की मौत हो गई है, जबकि 32 लोग घायल हैं। गाजा में खाना बांटने का काम एक अमेरिकी एजेंसी जीएचएफ चला रही है। हालांकि इजराइली सेना ने कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि सहायता वितरण केंद्र के पास उनके सैनिकों की गोलीबारी से कोई घायल हुआ हो। सेना ने कहा कि इस मामले की जांच की जा रही है। वहीं, अल-जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक गाजा में 27 मई से 1 जून तक खाना बांटने के



दौरान हुई गोलीबारी में 49 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, 300 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। फिलिस्तीन रेड क्रिसेंट के एक स्वास्थ्यकर्मी ने अल जजीरा को बताया कि जब गोलीबारी हुई, उस वक्त बड़ी संख्या में लोग राफा इलाके में खाना लेने के लिए जमा हुए थे। वहीं, गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि कुल 179 लोग घायल हुए हुए हैं, जिनमें 30 की हालत गंभीर है। इतने लोगों के घायल होने से अस्पतालों में काफी भीड़ हो गई है और इमरजेंसी वार्ड, ऑपरेशन थिएटर और आईसीयू में जगह की कमी हो गई है। जीएचएफ नाम की इस संस्था को अमेरिका और इजराइल का समर्थन मिला हुआ है। यह संगठन तब शुरू किया गया जब इजराइल ने यह आरोप लगाया कि हमास गाजा में आने वाली मदद को चुरा रहा है और बेच रहा है। मानवाधिकार संगठनों और संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि इस बात का कोई पक्का सबूत नहीं है और इजराइल ने भी कोई प्रमाण सार्वजनिक रूप से नहीं दिया है। संयुक्त राष्ट्र की सहायता एजेंसियों ने जीएचएफ की मदद पहुंचाने के तरीके की आलोचना की है। उनका कहना है कि यह तरीका मानवीय नियमों का उल्लंघन करता है और फिलिस्तीनियों को खतरे में डालता है। हाल के दिनों में जब हजारों भूखे लोग जीएचएफ के वितरण केंद्रों पर पहुंचे, तो अफरातफरी मच गई और इसके चलते इजराइल और जीएचएफ की आलोचना और बढ़ गई। जीएचएफ का दावा है कि उसने पिछले छह दिनों में लगभग 4.7 मिलियन भोजन के पैकेट उपलब्ध कराए हैं और रविवार को ही 16 ट्रकों के जरिए 887,000 से ज्यादा भोजन के पैकेट बांटे गए। उन्होंने कहा कि यह सब बिना किसी परेशानी के किया गया और मौतों या घायल होने की खबरें झूठी और बनाई हुई हैं। इजराइल ने गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ अपना सैन्य अभियान तेज कर दिया था। शनिवार और रविवार (24-25 मई 2025) को इजराइली हवाई हमलों में कम से कम 182 फिलिस्तीनी मारे गए, जिनमें बच्चे और महिलाएं शामिल हैं। इजराइल सेना के हमले में बीते एक हफ्ते में 500 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं।


7 अक्टूबर 2023 से शुरू इजराइल-हमास जंग में अब तक 55,000 से ज्यादा फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं, जिनमें हजारों बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग शामिल हैं।

# कर्ज वसूली में चीन सबसे बड़ा देश

## बी.आर.आई के कर्ज जाल में 150 देश; गरीब देशों पर 94 लाख करोड़ बकाया

एजेंसी

बीजिंग, चीन दुनिया में सबसे बड़ा ऋण वसूलने वाला देश बन गया है। ऑस्ट्रेलियाई थिंक टैंक लोवी इंस्टीट्यूट के मुताबिक 2025 में विकासशील देशों से चीन रिकॉर्ड 3 लाख करोड़ रु. वसूलेगा। 1.9 लाख करोड़ तो 75 सबसे गरीब देश देंगे। विकासशील देशों पर चीन के कुल 94 लाख करोड़ रु. बकाया हैं। ये कर्ज एक दशक पहले बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बी.आर.आई) के तहत दिए थे। चीनी दबाव के चलते इन देशों में स्वास्थ्य और शिक्षा बजट पर खतरा मंडरा रहा है। 46 गरीब देशों ने 2023



में अपने टैक्स का 20% हिस्सा कर्ज चुकाने पर खर्च किया। विकासशील देश चीन को कर्ज अदायगी और ब्याज भुगतान की लहर से जूझ रहे हैं। चीन की आक्रामक कर्ज रणनीति बी.आर.आई से शुरू हुई। 2013 में राष्ट्रपति शी जिनपिंग इसे लाए। 150 देश इस प्रोजेक्ट से जुड़े हैं। ये देश वैश्विक जीडीपी का 40% हिस्सा हैं। 42 देशों पर चीनी कर्ज का बोझ उनकी जीडीपी के 10% से अधिक है। 2017 में चीन विश्व बैंक व आईएमएफ को पीछे छोड़ दुनिया का सबसे बड़ा ऋणदाता बना। 80% सरकारी कर्ज विकासशील विकासशील देशों को गए। 55% कर्ज रि पेमेंट चरण में। 2030 तक 75% होंगे। 2022 तक 60% चीनी कर्ज वित्तीय संकट वाले देशों को गया। 2010 में यह आंकड़ा 5% था। ब्याज 4.2% से 6% तक है। जबकि, ऑर्गेनाइजेशन फॉर इकोनॉमिक कोऑपरेशन एंड डेवलपमेंट की दर 1.1% है। ऊंचे ब्याज से कई देशों को कर्ज चुकाने में दिक्कतें होती हैं। 50% से गरीब और कमजोर देश उच्च जोखिम में हैं या पहले से फंसे हैं। 53 देशों का चीन सबसे बड़ा कर्जदाता। 33 लाख करोड़ का कर्ज वर्ल्ड बैंक से भी छिपा। पाकिस्तान- 2024 में चीन ने 17 हजार करोड़ रु. के ऋण की परिपक्वता बढ़ाई। यह ऋण पुनर्गठन की प्रक्रिया में है। अंगोला- मार्च 2024 में चीन के साथ मासिक भुगतान कम करने पर सहमति बनी। श्रीलंका- 2022 में डिफॉल्ट कर चुका है। इसके चलते अपना हंबनटोटा पोर्ट 99 साल की लीज पर चीन को देना पड़ा। जाम्बिया- 2020 में डिफॉल्ट हो चुका है। ऋण पुनर्गठन की बातचीत जारी है। चीन इस देश का प्रमुख कर्जदाता है। लाओस- यह देश वित्तीय तनाव में है। उसका कर्ज जीडीपी के 100% को पार कर चुका है।

# शेख हसीना पर मानवता के खिलाफ अपराध का मुकदमा शुरू

## बांग्लादेश में ट्रायल टीवी पर लाइव दिखा रहे; तख्तापलट के बाद से भारत में हैं हसीना

एजेंसी

ढाका, बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पर मानवता के खिलाफ अपराध से जुड़े आरोपों में ट्रायल शुरू हो गया है। बांग्लादेश के इंटरनेशनल क्राइम ट्रिब्यूनल (आईसीटी) में रविवार को इन आरोपों को औपचारिक तौर पर दर्ज किया गया। चीफ प्रॉसिक्यूटर ताजुल इस्लाम ने ट्रिब्यूनल में ये आरोप दर्ज कराए हैं। आईसीटी के प्रॉसिक्यूटर गाजी मनोवार हुसैन तमीम ने डेली स्टार को यह जानकारी दी है।



12 मई को ट्रिब्यूनल की जांच एजेंसी ने हसीना के खिलाफ अपनी जांच रिपोर्ट सौंपी थी। इसमें जुलाई 2024 में आंदोलन के दौरान मानवता के खिलाफ अपराधों के पांच आरोप लगाए गए थे। रिपोर्ट के मुताबिक आंदोलन के दौरान 1500 से अधिक लोग मारे गए जबकि 25 हजार से ज्यादा घायल हुए थे। 26/11 मुंबई आतंकवादी हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के प्रतिबंधित संगठन जमात-उद-दावा (जेयूडी) के कुछ आतंकियों ने दावा किया है कि उन्होंने पिछले साल बांग्लादेश में बड़े पैमाने पर सरकार विरोधी प्रदर्शनों में भूमिका निभाई थी। इसकी वजह से प्रधानमंत्री शेख हसीना को पद से हटना पड़ा था। पीटीआई के अनुसार, ये बयान जेयूडी आतंकी सैफुल्लाह कसूरी और मुजम्मिल हाशमी ने अपने भाषणों के दौरान दिए बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद बनी यूनुस सरकार ने हसीना पर हत्या, अपहरण से लेकर देशद्रोह के 225 से ज्यादा मामले दर्ज किए हैं। बांग्लादेश सरकार ने जुलाई में हुई हत्याओं की वजह से शेख हसीना का पासपोर्ट भी रद्द कर दिया है। वहीं बांग्लादेश के इंटरनेशनल क्रिमिनल ट्रिब्यूनल ने उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। ट्रिब्यूनल ने हसीना को 12 फरवरी तक पेश होने का निर्देश दिया था। बांग्लादेश भारत से हसीना को डिपोर्ट करने की अपील भी कर चुका है। हालांकि भारत सरकार उनका वीजा बढ़ा चुकी है, जिससे यह साफ हो गया कि उन्हें बांग्लादेश डिपोर्ट नहीं किया जाएगा। बांग्लादेश पुलिस ने इस साल अप्रैल में इंटरपोल से पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने की मांग की थी। हसीना के अलावा 11 अन्य लोगों के खिलाफ भी ऐसी ही मांग की गई। शेख हसीना पिछले साल अगस्त में हुए तख्तापलट के बाद से भारत में रह रही हैं। बांग्लादेश की इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल (आईसीटी) ने शेख हसीना, उनके पूर्व मंत्रियों, सलाहकारों और अधिकारियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए थे। इन पर मानवता के विरुद्ध अपराध और नरसंहार के आरोप थे। इंटरपोल का रेड नोटिस किसी व्यक्ति को ढूंढ़ने और उसे प्रत्यर्पण या कानूनी कार्रवाई से पहले अस्थायी रूप से गिरफ्तार करने में मदद करता है।

# शरीफ बोले- चीन-सऊदी नहीं चाहते हम वहां भीख मांगने जाएं

## आसिम मुनीर और मैं आखिरी इंसान जो यह बोझ उठाना चाहते हैं

एजेंसी

इस्लामाबाद, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने शनिवार को कहा कि पाकिस्तान के दोस्त मुल्क नहीं चाहते हैं कि हम उनसे भीख मांगने जाए। यह बात उन्होंने क्वेटा में कमांड एंड स्टाफ कॉलेज में सैनिकों संबोधित करते हुए कही। शरीफ ने कहा- चीन, सऊदी अरब, तुर्किये, कतर, वअए सब पाकिस्तान के भरोसेमंद दोस्त हैं। वे हमसे उम्मीद करते हैं कि हम उनके साथ ट्रेड, कॉमर्स, इनोवेशन, डेवलपमेंट,



शिक्षा, स्वास्थ्य, और इन्वेस्टमेंट में शामिल हों। उन्होंने जोर देकर कहा- वे अब और नहीं चाहते कि हम उनके यहां भीख का कटोरा लेकर जाएं। शरीफ ने आगे कहा- आर्मी चीफ आसिम मुनीर के साथ मैं आखिरी इंसान हूं जो इस बोझ को अपने कंधों पर उठाना चाहता है। आखिर में बोझ इस देश के कंधों पर आता है। शरीफ ने कहा कि हमें नेचुरल रिसोर्सेज का पूरा इस्तेमाल करना चाहिए और उन्हें सही कामों में लगाना चाहिए। क्वेटा में ही एक अन्य कार्यक्रम में शरीफ ने कहा कि बलूचिस्तान में आतंकवादियों ने जिन लोगों को भटकाया है उन्हें सही रास्ते पर लाना जरूरी है। आतंकवादियों को न तो जनता, न सरकार और न ही सेना बर्दाश्त करेगी। उन्होंने कहा कि बलूचिस्तान की दिक्कतों को बातचीत के जरिए हल करने की जरूरत है। अगर कोई चिंता है, तो भाइयों को एक साथ बैठकर उसे हल करना चाहिए। पाकिस्तान सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने भी शुक्रवार को क्वेटा कमांड एंड स्टाफ कॉलेज में भाषण दिया था।

इस दौरान उन्होंने कश्मीर विवाद के शांतिपूर्ण समाधान की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कश्मीर में भारत की तरफ से बनाए जा रहे हाइड्रो-पावर प्रोजेक्ट पर आपत्ति जताई थी। मुनीर ने कहा था कि पाकिस्तान को कभी भी दबाया नहीं जा सकता। सेना प्रमुख ने भारत के साथ संघर्ष के दौरान मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी और कहा कि अपने देश की रक्षा के लिए पाकिस्तानी लोग लोहे की दीवार बन गए।

# केंद्र से टकराव के मूड में डीएमके, तमिल विरोधी रवैए का लगाया आरोप



एजेंसी

**बैठक में कुल 27 प्रस्ताव पारित किए गए, जिनमें तमिलनाडु को मिलने वाली धनराशि से इनकार करने पर केंद्र सरकार की तीखी आलोचना की गई.**

चेन्नईः तमिलनाडु की प्रमुख पार्टी द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) की वार्षिक महासमिति की बैठक इस साल मदुरै में आयोजित की गई. यह पहली बार था जब 1977 के बाद मदुरै में इतनी बड़ी पार्टी बैठक हुई. मुख्यमंत्री और डीएमके अध्यक्ष एम.के. स्टालिन के नेतृत्व में हुई इस बैठक में लगभग 7,000 लोगों ने हिस्सा लिया. इस दौरान दिवंगत नेताओं को श्रद्धांजलि दी गई और पार्टी के आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा हुई. केंद्र सरकार की आलोचनाबैठक में केंद्र सरकार की तमिलनाडु को मिलने वाले वित्तीय संसाधनों की आपूर्ति रोकने के फैसले की निंदा की गई. इसके साथ ही हिंदी थोपने की केंद्र की नीति और तमिल भाषाई चेतना पर होने वाले दबाव पर कड़ा विरोध जताया गया. डीएमके ने कीझाडी उत्खनन रिपोर्ट जारी न करने और रेलवे परियोजनाओं में तमिलनाडु की उपेक्षा को भी केंद्र सरकार की तमिल विरोधी मानसिकता का उदाहरण बताया. इसके अलावा मुसलमानों की संपत्तियों पर लागू वक्फ संशोधन अधिनियम और संघ के जांच निकायों के दुरुपयोग को भी भाजपा सरकार की आलोचना का विषय बनाया गया. तमिलनाडु की प्रगति और सामाजिक कल्याण पर जोर

इस बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री करुणानिधि की जयंती को शास्त्रीय भाषा दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव पारित किया गया. साथ ही द्रविड़ मॉडल सरकार की महिलाओं, किसानों, मछुआरों, बुनकरों और सभी वर्गों के जीवन में सुधार के लिए सराहना की गई. उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन के काम को भविष्य की उम्मीद के रूप में स्वीकार करते हुए उनके समर्थन की भी अपील की गई. डीएमके ने कहा कि वह तमिल समुदाय की पहचान और गौरव को बढ़ावा देने वाली सरकार है. भाजपा औरडीएमकेपर कड़ा प्रहार, चुनावी तैयारी तेजबैठक में भाजपा सरकार को तमिलनाडु और संविधान के खिलाफ षड्यंत्रकारी बताते हुए उसकी निंदा की गई. शासनकाल में हुए पोलाची यौन उत्पीड़न मामले की भी आलोचना की गई और हालिया फैसले का स्वागत किया गया. डीएमके ने 2026 के विधानसभा चुनाव में भाजपा और डीएमकेको हटाकर सत्ता में वापसी का संकल्प लिया. इसके लिए पार्टी ने फील्ड वर्क और जनसंपर्क तेज करने का निर्णय लिया.

# असदुद्दीन ओवैसी ने बताया पाकिस्तान को 'आतंकवादी स्पॉन्सर'

## मुंबई हमलों के मास्टरमाइंड का किया जिक्र

**एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने भारतीय प्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि पाकिस्तान की आतंकवाद समर्थक नीतियों को बेनकाब करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार को पाकिस्तान के खिलाफ कड़े कदम उठाने चाहिए और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।**

एजेंसी



एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तान की खिंचाई करते हुए कहा कि वह आतंकवादियों को प्रायोजित करता है। उन्होंने 26/11 मुंबई हमलों के मास्टरमाइंड जकीउर रहमान लखवी का उदाहरण देते हुए कहा कि उसे जेल में रहते हुए विशेष सुविधाएं दी गईं। ओवैसी ने कहा कि लखवी जैसे हाई-प्रोफाइल कैदी को जेल में रहते हुए पिता बनने की अनुमति दी गई, जो पाकिस्तान की दोहरी नीति को दशार्ता है। ओवैसी ने भारतीय प्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि पाकिस्तान की आतंकवाद समर्थक नीतियों को बेनकाब करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार को पाकिस्तान के खिलाफ कड़े कदम उठाने चाहिए और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। ओवैसी ने कहा, 'जकीउर रहमान लखवी नाम का एक आतंकवादी था, दुनिया का कोई भी देश आतंकवाद के आरोप का सामना कर रहे आतंकवादी को जेल से बाहर आने की अनुमति नहीं देगा। लेकिन वह जेल में रहते हुए एक बेटे का पिता बन गया। हालांकि, पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट (एफएटीएफ की) में डालने के तुरंत बाद मुकदमा आगे बढ़ गया।' उन्होंने वैश्विक समुदाय और वैश्विक आतंकवाद विरोधी वित्तपोषण निकाय से पाकिस्तान को फिर से ग्रे सूची में डालने का आग्रह किया, ताकि उसके पंख काटे जा सकें। ओवैसी ने आतंकवादियों का समर्थन करने के लिए पाकिस्तान की कड़ी आलोचना की, उन्होंने कहा कि वे निर्दोष लोगों की हत्या करके इस्लाम के सिद्धांतों के विरुद्ध काम कर रहे हैं। ओवैसी ने अल्जीरिया में कहा, 'पाकिस्तान तकफीरिज्म का केंद्र है और पाकिस्तान में आतंकवादी समूहों और दाएश और अल-कायदा के बीच विचारधारा में कोई अंतर नहीं है। उनका मानना है कि उनके पास धार्मिक स्वीकृति है, जो पूरी तरह से गलत है। इस्लाम किसी भी व्यक्ति की हत्या की अनुमति नहीं देता है, और दुर्भाग्य से, यही उनकी विचारधारा है।' ओवैसी 22 अप्रैल को जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा 26 पर्यटकों की हत्या का जिक्र कर रहे थे, जहां हिंदू पुरुषों को निशाना बनाया गया था। उन्होंने कहा कि इस्लाम में 'तकफीरिज्म' या 'तकफीरी' विचारधारा के लिए कोई जगह नहीं है।

# पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने वन नेशन वन इलेक्शन को बताया गेमचेंजर, गिनाये फायदे

## मसूरी से परिवार के साथ दिल्ली लौटे रामनाथ कोविंद, विभिन्न मुद्दों पर दिया बयान

एजेंसी

मसूरीः पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद वन नेशन वन इलेक्शन को देश के लिए गेम चेंजर बताया है. रामनाथ कोविंद ने कहा वन नेशन वन इलेक्शन लागू होने के बाद देश की जीडीपी बढ़ेगी. रामनाथ कोविंद ने ऑपरेशन सिंदूर पर भी बयान दिया. उन्होंने कहा कहा कि अगर दुश्मन देश नहीं सुधरेगा तो उसी ऑपरेशन सिंदूर की तरह ही जवाब दिया जाएगा.

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद मसूरी प्रवास से आज दिल्ली लौटे. इससे पूर्व उन्होंने कहा वह पहले भी मसूरी आते रहे हैं, परंतु बीच में राष्ट्रपति बने तो उस दौरान उनका मसूरी आना नहीं हुआ. उन्होंने कहा उन्हें मसूरी बहुत ज्यादा पसंद है. उन्होंने कहा मसूरी न केवल एक हिल स्टेशन है बल्कि एक आध्यात्मिक केंद्र है. यहां पर सुख भी है




शांति भी है. यह बहुत अच्छी जगह है. इसलिए इसको क्वीन आफ हिल्स कहा जाता है. उन्होंने मसूरी में आने वाले पर्यटकों और मसूरी वालों से पर्यावरण को बनाये रखने की अपील की.रामनाथ कोविंद ने कहा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता सही मानने में देश की एकजुट का प्रतीक है. हर देशवासी को लगता है कि हमें दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए था. वह जवाब दिया भी गया है. सेना के शौर्य और पराक्रम को हम सब नमन करते हैं. रामनाथ कोविंद ने कहा वन नेशन वन इलेक्शन का काम काफी आगे बढ़ चुका है. वन नेशन वन इलेक्शन गेम चेंजर की भूमिका निभाएगा.

# तेजप्रताप ने लालू-राबड़ी को बताया अपनी दुनिया

## 'लालची लोगों' पर साजिश का आरोप भी लगाया

**तेजप्रताप ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'मेरे प्यारे मम्मी पापा.... मेरी सारी दुनिया बस आपदोनों में ही समाई है। भगवान से बढ़कर है आप और आपका दिया कोई भी आदेश। आप है तो सबकुछहै मेरे पास। मुझे सिर्फ आपका विश्वास और प्यार चाहिए ना कि कुछऔर। पापा आप नही होते तो ना ये पार्टी होती और ना मेरे साथ राजनीति करने वाले कुछजयचंद जैसे लालची लोग। बस मम्मी पापा आपदोनो स्वस्थ और खुश रहे हमेशा।'**

एजेंसी

पारिवारिक कलह के बीच तेजप्रताप यादव ने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट साझा करते हुए कहा है कि उनके माता-पिता, लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी, ही उनकी पूरी दुनिया हैं। इस पोस्ट में उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कुछ 'लालची लोगों' ने उनके खिलाफ साजिश रची है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में आया है जब लालू प्रसाद यादव ने कथित तौर पर अनुष्का यादव के साथ अपने रिश्ते का खुलासा करने के बाद अपने बड़े बेटे तेजप्रताप को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और परिवार से बेदखल कर



दिया था। तेज प्रताप ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'मेरे प्यारे मम्मी पापा.... मेरी सारी दुनिया बस आपदोनों में ही समाई है। भगवान से बढ़कर है आप और आपका दिया कोई भी आदेश। आप है तो सबकुछहै मेरे पास। मुझे सिर्फ आपका विश्वास और प्यार चाहिए ना कि कुछ और। पापा आप नही होते तो ना ये पार्टी होती और ना मेरे साथ राजनीति करने वाले कुछ जयचंद जैसे लालची लोग। बस मम्मी पापा आपदोनो स्वस्थ और खुश रहे हमेशा।'

**मेरे प्यारे मम्मी पापा....**

मेरी सारी दुनिया बस आपदोनों में ही समाई है। भगवान से बढ़कर है आप और आपका दिया कोई भी आदेश। आप है तो सबकुछ है मेरे पास। मुझे सिर्फ आपका विश्वास और प्यार चाहिए ना कि कुछ और। पापा आप नही होते तो ना ये पार्टी होती और ना मेरे साथ राजनीति करने वाले कुछ जयचंद जैसे एक अन्य पोस्ट में, तेज प्रताप ने लिखा, 'मेरे अर्जुन से मुझे अलग करने का सपना देखने वालों, तुम कभी अपनी साजिशों में सफल नही हो सकोगे, कृष्ण की सेना तो तुम ले सकते हो लेकिन खुद कृष्ण को नही। हर साजिश को जल्द बेनकाब करूंगा। बस मेरे भाई भरोषा रखना मैं हर परिस्थिति में तुम्हारे साथ हूं, फिलहाल दूर हूं लेकिन मेरा आशीर्वाद हमेशा तुम्हारे साथ था और रहेगा।

## संक्षेप

### विकास कार्यों की घोषणा

**बस स्टेशन से एसपी आवास तक के लिए हुआ भूमि-पूजन, बढ़ियावीर धाम पर नया गेट**

सुलतानपुर, नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने रविवार को विकास कार्यों की घोषणा की। उन्होंने बस स्टेशन से बढ़ियावीर होते हुए एसपी आवास तक सड़क के डामरीकरण की योजना का ऐलान किया। साथ ही बस स्टेशन के पास बढ़ियावीर धाम पर नए गेट के निर्माण की भी घोषणा की। भूमि पूजन समारोह में मोहल्ले के वरिष्ठ नागरिकों और सभासदों की मौजूदगी में कार्य का शुभारंभ हुआ। अग्रवाल ने बताया कि शहर में नाली और सड़क की जरूरत वाले इलाकों में प्राथमिकता के आधार पर काम किया जाएगा। मौहरिया क्षेत्र में कई वर्षों से सड़क पर पानी भरने की समस्या का समाधान करने के लिए निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। नगर पालिका अध्यक्ष ने कार्यकारी संस्था के ठेकेदार रामेंद्र सिंह राणा को गुणवत्तापूर्ण निर्माण का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि दीवानी कोर्ट के पास अधिवक्ताओं के लिए निःशुल्क वाहन पार्किंग की सुविधा दी जाएगी। सड़क निर्माण से पहले जलकल विभाग द्वारा नल-टोटी के कार्य को पूरा किया जाएगा। वरिष्ठ अधिवक्ता संजय सिंह ने मोहल्ले की हरियाली को बनाए रखने की मांग की। उन्होंने कहा कि सड़क और गेट का निर्माण उच्च गुणवत्ता के साथ होना चाहिए और पेड़ों की कटाई नहीं होनी चाहिए।

### 5वीं अंतर बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**35 खिलाड़ियों ने जीते गोल्ड और सिल्वर मेडल, स्कूली बच्चों ने दिखाया दमखम**

सुलतानपुर, जिला बॉक्सिंग संघ के तत्वाधान में 5वीं अंतर विद्यालयीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला ओलंपिक संघ सचिव पंकज दुबे और टाइनी टॉट्स विद्यालय की ऑनर सौदामिनी श्रीवास्तव ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। जिला बॉक्सिंग संघ सचिव विजय यादव ने प्रतियोगिता का आयोजन किया। सुजल विक्रम सिंह, अणिमा सिंह, प्रशांत तिवारी, आयुष प्रभात और अश्वनी शर्मा आदि ऑफिशियल के रूप में मौजूद रहे। प्रतियोगिता में कई प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन किया। सूर्यांश सिंह, प्रभात सिंह, वैभव शर्मा, दीप्ति सिंह, रिया सिंह और स्वास्तिका सिंह ने गोल्ड मेडल जीता।

### संजय निषाद बोले- मछुआरों को मिलेगा 5 लाख का बीमा

**3 लाख की आर्थिक मदद, नाव और लाइफ किट भी मिलेगी**

बांदा, रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज के सभागार में मत्स्य विभाग द्वारा आयोजित संगोष्ठी में मछुआरों के लिए कई बड़ी घोषणाएं की गईं। कार्यक्रम में मत्स्य मंत्री संजय निषाद ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए मछुआ समुदाय के सशक्तिकरण का भरोसा दिलाया। मंत्री संजय निषाद ने कहा कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना और निषाद राज योजना के तहत मछुआरों को 5 लाख रुपये तक का बीमा कवर दे रही है।

# रेलवे का पर्यावरण को बड़ा योगदान

**उत्तर मध्य रेलवे ने तीन मंडलों में लगाए एक लाख पौधे, स्थानीय प्रजातियों को दी प्राथमिकता**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, उत्तर मध्य रेलवे ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 22 मई से 5 जून 2025 तक पर्यावरण पखवाड़े का आयोजन किया। इस दौरान तीनों मंडलों में कुल एक लाख पौधे लगाए गए।

प्रयागराज मंडल में 40 हजार, झांसी में 35 हजार और आगरा में 25 हजार पौधों का रोपण हुआ। रोपण के लिए आम, नीम, पीपल, अमला, शरीफा, कटहल और कनेर जैसी स्थानीय प्रजातियां चुनी गईं। पौधों को हाइब्रिड मियावाकी और क्लस्टर प्लांटेशन तकनीक से लगाया गया। रेल कॉलोनियों, डिपो, कारखानों और स्टेशनों में यह अभियान चलाया गया। पौधों की सुरक्षा के लिए फेंसिंग और ड्रिप इरीगेशन की व्यवस्था की गई।




महाप्रबंधक उपेंद्र चंद्र जोशी के मार्गदर्शन में मुख्यालय में प्रमुख कार्यक्रम हुआ। प्रधान मुख्य इंजीनियर एस.सी. जैन ने कार्यक्रम की देखरेख की।

अपर महाप्रबंधक श्री जे.एस. लाकरा ने पौधा लगाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर अनिमेष कुमार सिन्हा ने उपस्थित लोगों को हरित शपथ दिलाई। गंगा टास्क फोर्स के कर्नल अरविंद प्रसाद संकरन और लेफ्टिनेंट कर्नल मिलन मिश्रा के नेतृत्व में 30 जवानों ने 200 पौधे लगाए। कार्यक्रम में श्रीमती लाकरा और श्रीमती अय्यर ने सफाई कर्मचारियों को स्टील की बोतलें और कपड़े के थैले बांटे। बच्चों को भी उपहार दिए गए। मुख्य पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था प्रबंधक शिवाजी कदम के नेतृत्व में यह अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस पहल का उद्देश्य जैव विविधता को बढ़ाना और रेलवे की भूमि को अतिक्रमण से बचाना है।

# 11वीं के छात्र का सुसाइड

**पिता कौशांबी के बिजली विभाग में करते हैं नौकरी, परिवार गया था पैतृक गांव**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, धूमनगंज थाना क्षेत्र में एक बिजली विभाग कर्मचारी के 17 वर्षीय बेटे ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। राजरूपपुर निवासी अजय शुक्ला के बेटे उत्तम शुक्ला ने शनिवार को यह कदम उठाया। उत्तम 11वीं कक्षा का छात्र था। अजय शुक्ला अपनी पत्नी और बेटी के साथ तिल्हापुर जाने वाले थे। उन्होंने उत्तम को भी साथ चलने को कहा। उत्तम ने जाने से मना कर दिया और घर पर ही रुक गया। परिवार आज घर वापस आया तो घर का मुख्य दरवाजा अंदर से बंद था। काफी देर तक आवाज लगाने और फोन करने के बाद भी कोई जवाब नहीं मिला। दरवाजा तोड़कर अंदर जाने पर कमरे का दरवाजा भी बंद मिला। कमरे का दरवाजा तोड़ने पर उत्तम का शव पंखे से लटका मिला। धूमनगंज पुलिस ने



मौके पर पहुंचकर शव को फंदे से उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। परिजन आत्महत्या का कोई कारण नहीं बता पाए हैं। थाना प्रभारी धूमनगंज ने बताया लाश को कब्जे में लेकर कानूनी कार्यवाही शुरू करा दी है। शेष परिवार से घटना के संबंध में तहरीर की मांग की गई है। जांच में सामने आने वाले तथ्य के आधार कर अग्रिम कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# सड़क हादसे में युवक की मौत



**डंपर ने सड़क पर बने मुख्य द्वार में मारी टक्कर, चालक गिरफ्तार**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी, मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र में एक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। रामशाहपुर स्थित बने मुख्य द्वार मे डंपर ने मारी टक्कर डंपर नंबर (यूपी 32 एसएन 4804) जब डंपर ने टक्कर मारी तो वहीं से बाइक पर सवार बुद्धराम (27) वर्षीय मुख्य द्वार के भरभरा कर गिर रहे मलबे के नीचे दब गए जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए स्थानीय लोगों ने घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुसाफिरखाना पहुंचाया। चिकित्सकों ने उसकी हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इलाज के दौरान बुद्धराम की मृत्यु हो गई। घटनास्थल पर मुसाफिरखाना के सीओ अतुल सिंह और कई थानों की पुलिस फोर्स मौजूद रही। कोतवाली प्रभारी विवेक सिंह के अनुसार, डंपर चालक को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और कानूनी कार्रवाई जारी है।

# तालाब किनारे पेड़ गिरने से बालक की मौत

**नहाते समय हुआ हादसा, दो बहनों का इकलौता भाई था**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, जिले के अखण्डनगर थाना क्षेत्र के दसऊपुर गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। गांव निवासी मोहम्मद अजीज का 14 वर्षीय पुत्र मोहम्मद गुलाम रविवार दोपहर करीब 12 बजे अपने दोस्तों के साथ तालाब में नहा रहा था। इसी दौरान तालाब किनारे खड़ा एक पेड़ अचानक गिर गया। पेड़ गिरने से मोहम्मद गुलाम उसके नीचे दब गया और उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अखण्डनगर पहुंचाया। वहां डॉक्टर विवेक वर्मा ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी महेंद्र प्रताप सिंह को इस घटना की सूचना दी गई। मृतक के पिता ने पोस्टमार्टम नहीं कराने का फैसला किया। पंचनामा भरने




के बाद शव को घर ले जाकर अंतिम संस्कार कर दिया गया। मोहम्मद गुलाम दो बहनों के बीच का इकलौता भाई था। उसकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। ग्रामीणों के अनुसार, कुछ लोगों ने जेसीबी से तालाब से मिट्टी निकाली थी। इसी कारण तालाब का किनारा कमजोर हो गया था और पेड़ गिर गया। इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है।

# थाना प्रभारियों का हुआ फेरबदल




**बाजार शुकुल में अभिनेष कुमार और कमरौली में मुकेश पटेल की हुई तैनाती**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने थाना प्रभारियों में बड़ा फेरबदल किया है। कमरौली के थाना प्रभारी अभिनेष कुमार को बाजार शुकुल थाने का नया प्रभारी बनाया गया है। वहीं गौरीगंज कोतवाली में तैनात सब इंस्पेक्टर मुकेश पटेल को कमरौली थाने की जिम्मेदारी सौंपी है। यह फेरबदल बाजार शुकुल के पूर्व थाना प्रभारी दयाशंकर के निलंबन के बाद किया गया है। दयाशंकर को एक हत्या के मामले में एफआईआर दर्ज करने में देरी करने के कारण निलंबित किया गया था। इस घटना में पीड़ित पक्ष के लोगों ने मृतक के शव को थाने के बाहर रखकर 6 घंटे तक प्रदर्शन किया था। एसपी ने थाना प्रभारी की लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई की। नए थाना प्रभारियों को तुरंत कार्यभार संभालने के निर्देश दिए गए हैं। इस फेरबदल से थानों के कामकाज में सुधार की उम्मीद है।

# बारात में डीजे बजाने गए युवक की मौत

**11 हजार वोल्ट की लाइन की चपेट में आया, हल्की बारिश के दौरान हुआ हादसा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी, उत्तर प्रदेश के जिला अमेठी के गौरीगंज क्षेत्र से एक बेहद दर्दनाक और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। ग्राम पंचायत पुरे दर्जन रोहसी बुजुर्ग निवासी नन्हे बाबू के पुत्र शिवम की बीती रात करंट लगने से मौत हो गई।

यह हादसा तब हुआ जब शिवम ग्राम पाल का पुरवा में एक बारात में डीजे बजाने गया था। जानकारी के अनुसार, हल्की बारिश हो रही थी। उसी दौरान डीजे की व्यवस्था में जुटा शिवम असावधानीवश 11 हजार वोल्ट की हाई वोल्टेज बिजली लाइन की चपेट में आ गया।

करंट लगते ही वह जमीन पर गिर पड़ा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना



इतनी तेजी से घटी कि किसी को संभलने का मौका नहीं मिला। जैसे ही हादसे की सूचना शिवम के परिजनों को मिली, वे तत्काल घटनास्थल की ओर भागे। परिवार वालों ने शिवम को आनन-फानन में जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बेटे की मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। मां और अन्य परिजन रो-रोकर बेसुध हो गए। पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई है।

# पिता-पुत्र सहित 4 की मौत

**गभाना हाईवे पर बकरों से लदा कैंटर डिवाइडर से टकराया, 6 की हालत गंभीर**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अलीगढ़, थाना गभाना क्षेत्र में 2 सडक हादसों में एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत हो गई। सभी लोग ईद के त्यौहार के लिए एटा से बकरे बेचने के लिए दिल्ली जा रहे थे। मृतकों में पिता पुत्र सहित चार लोग शामिल हैं। इस हादसे में 6 अन्य लोग घायल है जिनको इलाज के लिए खठ मेडिकल में भर्ती कराया गया है। जिला एटा के मारहरा निवासी पशु व्यापार करने वाले परिवार के दर्जनभर लोग एटा से दिल्ली के लिए बकरे लेकर निकले थे। एक कैंटर में पांच लोग सवार थे जबकि दूसरे में 6 थे। दिल्ली कानपुर नेशनल हाईवे पर एक कैंटर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। घटना में हजारी लाल



(52) हरिश्चन्द्र (28) अमर सिंह (25) की मौत हो गई। कुछ दूरी पर चलते ही दूसरे कंटेनर की सीएनजी खत्म हो गई। इस दौरान उनको पहले कंटेनर के डिवाइडर से टकराने की सूचना मिली। वह लोग एक ट्रैक्टर में सवार होकर वापस आ रहे थे। इस दौरान अनियंत्रित कंटेनर को ट्रैक्टर को टक्कर मार दी जिसमें रवेंद्र (22) की मौत हो गई। घटना में 6 लोग घायल हुए हैं। सड़क हादसे में चार लोगों की मौत की सूचना मिलने पर परिवार के लोग अलीगढ़ पहुंचे। इस दौरान पोस्टमार्टम गृह पर रोते हुए महिलाएं बेहोश तक हो गई। महिलाओं की हालत बिगड़ देख परिवार के लोगों ने सभी महिलाओं को गाड़ी से वापस एटा के लिए रवाना कर दिया है। मृतकों के परिजन धर्मेंद्र ने बताया कि सभी लोग दिल्ली में ईद के त्योहार पर कमाने खाने के लिए जा रहे थे। यह लोग सड़क किनारे खड़े होकर वाहन का इंतजार कर रहे थे। तेज रफ्तार अनियंत्रित कंटेनर ने सभी को टक्कर मार दी। धर्मेंद्र ने पशु बिक्री करने जाने की बात से साफ इनकार किया है। एसपी सिटी मृगाँक शेखर पाठक ने बताया कि सुबह एक गाड़ी एटा से दिल्ली की ओर जाते समय डिवाइडर से टकरा गई जिसमें एक व्यक्ति की मौके पर ही मृत्यु हो गई। अन्य घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया था

# राधारानी मंदिर में छप्पन भोग का आयोजन

**सैकड़ों श्रद्धालुओं ने की पदयात्रा, मंदिर में उमड़ा जनसैलाब**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मथुरा, राया कस्बे में श्री राधा रानी सेवा समिति ने राधारानी मासिक पदयात्रा का 11वां वार्षिकोत्सव मनाया। मान सरोवर धाम राधारानी मंदिर में छप्पन भोग का आयोजन किया गया। राधारानी ने पंचरंगी पोशाक में प्राकृतिक फूल बंगले में विराजमान होकर भक्तों को दर्शन दिए। राया कस्बे से शुरू हुई पदयात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। बैंड-बाजे की धुन पर भक्त नाचते-गाते



चले। मजीरा और ढोलक की थाप पर श्रद्धालु राधारानी की भक्ति में डूबे नजर आए। यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। श्रद्धालु राधारानी का गुणगान और जयजयकार करते रहे। रास्ते में भक्तों ने प्रसाद वितरण किया। राधा-कृष्ण के स्वरूप में कलाकार श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध करते रहे। पदयात्रा रेतिया बाजार स्थित राधागोपाल जी मंदिर से शुरू हुई। यहां पूजा-अर्चना के बाद हरिनाम संकीर्तन के साथ यात्रा मांट खादर मानसरोवर धाम राधारानी मंदिर पहुंची। मंदिर में समिति की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

# साइबर टीम ने फ्रॉड के शिकार लोगों को दिलाई राहत

**एक महीने में 14.28 लाख कराए वापस, 5 महीने में कुल 48.34 लाख की रिकवरी**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




सुलतानपुर, साइबर क्राइम पुलिस ने साइबर धोखाधड़ी के पीड़ितों को बड़ी राहत दी है। पुलिस ने मई 2025 में 14 लाख 28 हजार 358 रुपए पीड़ितों को वापस दिलाए हैं। पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देशन में साइबर क्राइम टीम ने यह कार्रवाई मई 2025 तक पुलिस ने कुल 48 लाख 34 हजार 518 रुपए की रिकवरी की है। साइबर क्राइम पुलिस थाना ने लोगों से अपील की है कि साइबर अपराध का शिकार होने पर तुरंत 1930 साइबर हेल्पलाइन पर कॉल करें। साथ ही साइबर क्राइम पुलिस थाना सुलतानपुर से संपर्क करें।

# पैसे मांगने गए भाजपा बूथ अध्यक्ष पर हमला

**तीन लोगों ने लोहे की रॉड से किया वार, जिला अस्पताल में भर्ती**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, साढ़े चार लाख रुपए के लेनदेन को लेकर भाजपा बूथ अध्यक्ष अंकित जायसवाल पर हमला हुआ है। कमरौली थाना क्षेत्र के निवासी अंकित ने मारुति एजेंसी में काम करने वाले सुशील यादव को यह रकम उधार दी थी। सुशील ने रात में पैसे लौटाने के लिए अंकित को कोइलारा रोड पर बुलाया। वहां पहले से मौजूद सुशील और उसके दो साथियों ने लोहे की रॉड



से हमला कर दिया। अंकित की आवाज सुनकर जब आसपास के लोग पहुंचे, तो आरोपी फरार हो गए। घायल अंकित को पहले जगदीशपुर ट्रामा सेंटर ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। अंकित के पिता बंशीलाल जायसवाल ने सुशील यादव समेत दो अन्य के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने बताया कि सीओ मुसाफिरखाना और एसओ से बात हुई है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। बेहतर इलाज के लिए सीएमओ से भी संपर्क किया गया है। कमरौली एसओ अभिनेष कुमार ने कहा कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी , एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग, कुर्ला (प) मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० - A - 544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई , ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक - अरविंद कुमार शर्मा
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173
संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001
संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक-जगन्नाथ तिवारी